तापमान
अधिकतम 29.8 डिग्री
न्यूनतम 23.8 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 4 सितंबर 2025


शिव टाकीज रोड के किनारे बनाए जा रहे गार्डन में हरियाली नजर आने लगी है।



B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 04/09/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065

# सफाई ठेकेदार व कृषि कारोबारी सतीश सिंह के ठिकानों पर ईडी का छापा

## बुधवार तड़के रायपुर से आए अधिकारियों ने दी दबिश, शाम तक चली कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने बिलासपुर में बुधवार को सफाई ठेकेदार और कृषि कारोबारी सतीश सिंह के ठिकानों पर छापा मारा। ईडी की टीम ने बुधवार की तड़के ही सतीश सिंह के विनोबानगर स्थित घर, रामा मैग्नेटो माल के सामने स्थित आफिस, व्यापार विहार स्थित दुकान एसएस स्टील और ग्राम ठेका में अनुराग फ्यूल के सामने स्थित गोदाम में दबिश दी। सुबह से शाम तक चली इस कार्रवाई में ईडी की टीम में महिला अधिकारी भी शामिल थीं। जानकारी मिली है कि ईडी ने गोदाम, दुकान और आफिस से दस्तावेज जब्त कर लिए हैं और अपने साथ ले गई है। ईडी की टीम के साथ सीआरपीएफ के जवान भी थे।

पूरा मामला कृषि क्षेत्र में उपकरण सप्लाई और उसमें गड़बड़ियों को लेकर बताया जा रहा है। गौरतलब है कि सतीश सिंह सफाई ठेके में काफी लंबे समय से जुड़ा हुआ है। निगम और पीडब्ल्यूडी में तो अधिकांश ठेके उसी को मिलते हैं। इसके साथ ही कुछ सालों से उसने रेलवे और एसईसीएल में भी सफाई और दूसरे ठेके लेने शुरू कर दिए है। कई बार निगम के सफाई ठेके में विवाद भी हुआ है।



पिछले कुछ सालों से उसने कृषि उपकरण सप्लाई का काम भी बड़े पैमाने पर शुरू किया है। इसके लिए रायपुर रोड में सिमगा से कुछ दूरी पर बड़ा गोदाम बनाया गया है। इसमें पीवीसी पाइप और स्प्रींकलर का काम अधिक है। जानकारी मिली है कि सतीश सिंह बिलासपुर से झारसुगड़ा, बिलासपुर से कटनी और बिलासपुर से नागपुर तक तीनों रूटों पर माल सप्लाई का काम करता है।

### तीन गाड़ियों में पहुंचे 12 अधिकारी

बुधवार की कार्रवाई में तीन गाड़ियों में 12 से अधिक अधिकारी बिलासपुर पहुंचे थे। इसमें दो वाहन इनोवा तो एक मारूति गाड़ी थी। घर और मकान को चारों तरफ से सील करते हुए सीआरपीएफ के जवानों को तैनात कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक सतीश सिंह के काम के बारे में ईडी को पिछले कुछ दिनों से गड़बड़ी की शिकायत मिल रही थी। इसलिए नजर रखी जा रही थी। शिकायत की प्रारंभिक पुष्टि होने पर ईडी ने बुधवार को सभी ठिकानों पर छापा मारा। ईडी की इस कार्रवाई को डीएमएफ घोटाले से जोड़कर भी देखा जा रहा है। इन अधिकारियों ने सतीश सिंह की कंपनी के वित्तीय लेन-देन और अन्य दस्तावेजों की जांच की। सतीश सिंह और उसके परिजन से पूछताछ की भी जानकारी मिली है।

### बैकुंठपुर विधायक की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त

**बिलासपुर।** मंगलवार को बैकुंठपुर विधायक भैयालाल राजवाडे रायपुर से गाड़ी में लौट रहे थे। सिमगा के पास उनकी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई, कार में सवार सभी लोग बाल-बाल बच गए। गाड़ी में विधायक श्री राजवाड़े व अन्य लोग सवार थे। श्री राजवाडे बिलासपुर रेस्ट हाउस में रूके हुए हैं।

## दो जवान सस्पेंड, आरपीएफ व जीआरपी कर रही चोरों की तलाश

# हटिया एक्सप्रेस से पार हो गए आईटीबीपी जवानों के दो पिस्टल और 26 कारतूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हटिया-दुर्ग एक्सप्रेस के जनरल कोच में सफर कर रहे आईटीबीपी के चार जवानों के दो पिस्टल और 26 कारतूस व अन्य सामान रखा बैग चोर ने पार कर दिया। जवानों ने इसकी शिकायत जीआरपी से की है, जिस पर आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने जांच शुरु कर दी है।

हटिया से दुर्ग के बीच चलने वाली 08185 स्पेशल एक्सप्रेस बुधवार की सुबह 5 बजे बिलासपुर रेलवे स्टेशन पहुंची थी। इस ट्रेन के जनरल कोच डी 2 यानि पीछे से दूसरे में आईटीबीपी के चार जवान हटिया से रायपुर दुर्ग तक सफर कर रहे थे। इनमें आईटीबीपी रांची 40वीं बटालियन के दो हेड कांस्टेबल जितेन्द्र सिंह और एएसआई योगेन्द्र प्रसाद ओझा ने अपनी-अपनी पिस्टल और 4 मैग्जीन, 24 नग 9 एमएम राउंड, एक मोबाइल और 10 हजार रुपए एक बैग में रख दिया था। इन दोनों के साथ आरक्षक बुद्धदेव मलिक व एक अन्य सफर कर रहे थे। सफर के दौरान दोनों नीचे वाली लोअर बर्थ में सो रहे थे। इस दौरान उन्होंने बैग को दोनों बर्थ के बीच खाली जगह पर रख दिया था। रात 3 बजे के बाद उनकी आंख लग गई और ट्रेन के भाटापारा रेलवे स्टेशन से रवाना होने के उपरांत उनकी आंख खुली तो दोनों के बैग को गायब थे। पूरे कोच में छानबीन करने के बाद ट्रेन के रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंचने के बाद जवान वापस बिलासपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे और इसकी जानकारी आरपीएफ और जीआरपी के अधिकारियों को दी। आरपीएफ और जीआरपी ने चारों से बैग के संबंध में पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि अंतिम बार बैग देर रात 3 बजे रायगढ़ और चांपा रेलवे स्टेशन के बीच देखा था, जब गाड़ी सुबह 5 बजकर 50 मिनट पर भाटापारा रेलवे स्टेशन से रवाना होने लगी तो उन्हें बैग नहीं मिला। जवानों के अनुसार चांपा से भाटापारा रेलवे स्टेशन के बीच में पिस्टल और कारतूस रखा बैग किसी अज्ञात चोर ने पार किया है, जिसकी शिकायत के बाद छानबीन की जा रही है।


रिपोर्ट लिखाने जीआरपी थाना पहुंचे आईटीबी के जवान।

### डोंगरगढ़ व प्रयागराज में थी ड्यूटी

आईटीबीपी के चारों जवानों ने आरपीएफ और जीआरपी को बताया कि वे रांची से दुर्ग तक सफर कर रहे थे। इनमें से चारों को अलग-अलग स्थानों में यानि दुर्ग से डोंगरगढ़ और दुर्ग से प्रयागराज एवं अन्य स्थानों तक जाना था, जिनकी ड्यूटी लगाई गई थी।

### दोनों जवान सस्पेंड

दो पिस्टल और कारतूस सहित अन्य सामान रखे बैग पार होने की सूचना आईटीबीपी के जवानों ने अपने उच्चाधिकारियों को भी दी। सूचना मिलते ही उच्चाधिकारियों ने तत्काल प्रभाव से हेड कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार और एएसआई योगेन्द्र प्रसाद को सस्पेंड कर दिया है।

### उच्च शिक्षा मंत्री लेंगे कुलपति रजिस्ट्रार की बैठक आज

**बिलासपुर।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा गुरुवार को राजधानी रायपुर में उच्च शिक्षा विभाग की एक बैठक लेने जा रहे हैं। इस बैठक के लिए छत्तीसगढ़ के सभी स्टेट यूनिवर्सिटी के कुलपतिय और रजिस्ट्रारों को बुलाया गया है। उच्च शिक्षा मंत्री पहली बार सभी यूनिवर्सिटी की एक साथ बैठक लेने जा रहे हैं। उच्च शिक्षा मंत्री की गुरुवार को राजधानी में होने वाली बैठक को लेकर सभी यूनिवर्सिटी में आज तैयारी चलती रही। उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा यह पहली बार प्रदेश के सभी यूनिवर्सिटी की बैठक जी जा रही है। इसलिए यूनिवर्सिटी स्तर पर बैठक के संबंध में आज आवश्यक जानकारी तैयार किया जाता रहा। इस बैठक में यूनिवर्सिटी के यूटीडी में संचालित पाठयक्रमों की स्थिति, प्रवेश सहित कालेजों में अब तक प्रवेश की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही यूनिवर्सिटी में परीक्षा संचालन एवं परिणाम घोषणा की समीक्षा की जाएगी। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन और अध्ययन-अध्यापन व्यवस्था आदि पर चर्चा होगी।

#### कम्पनी के दिवंगत कर्मियों के परिवारों को मिली राहत

# एसईसीएल ने एक माह में 102 आश्रितों को दी नौकरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसईसीएल के सतर्कता एवं मानव संसाधन विकास विभाग की सक्रिय पहल से दिवंगत कर्मियों के परिवारों को राहत मिली है। बीते अगस्त माह में कंपनी ने 102 आश्रितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए हैं।

अनुकम्पा नियुक्ति के आवेदन लंबित रहने की शिकायतें समय समय पर सामने आती रही हैं। कंपनी ने इस बार सक्रिय पहल करते हुए अनुकम्पा के आवेदनों का त्वरित निराकरण किया है। अगस्त माह में सर्वाधिक 21-21 नियुक्तियाँ बैकुंठपुर और चिरमिरी क्षेत्रों में की गईं हैं। वहीं इस वर्ष अप्रैल 2025 से अब तक कुल 182 आश्रितों को नौकरी दी जा चुकी है। कंपनी द्वारा आश्रितों के प्रकरणों में शीघ्र कार्यवाही करते हुए जल्द से जल्द नियुक्तियाँ सुनिश्चित की जा रही हैं। कंपनी के मानव संसाधन एवं सतर्कता विभाग के संयुक्त प्रयास से रोजगार प्रक्रिया में विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि आश्रितों को किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े और उनके प्रकरणों का त्वरित निपटारा हो सके।

एसईसीएल प्रबंधन का कहना है कि आश्रितों के प्रति संवेदनशील रहते हुए त्वरित रोजगार उपलब्ध कराना कंपनी की प्राथमिकताओं में से एक है और भविष्य में भी इस दिशा में प्रयास लगातार जारी रहेंगे।

### भाजपा सोशल मीडिया टीम ने की शिकायत

**बिलासपुर।** भाजपा बिलासपुर शहर जिला सोशल मीडिया टीम ने सिविल लाइन थाने में शिकायत करते हुए कांग्रेस नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग की है।
भाजपा प्रदेश सोशल मीडिया के आव्हान पर आज भारतीय जनता पार्टी बिलासपुर शहर सोशल मीडिया टीम द्वारा सिविल लाइन थाने में ज्ञापन सौंपकर शिकायत की गई है। इसमें कहा गया है कि सोशल मीडिया के माध्यम से भ्रामक खबर फैलाकर भाजपा की छवि धूमिल करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

### गाज की चपेट में आकर ठेकेदार की मौत

**बिलासपुर।** गाज की चपेट में आने से ठेकेदार की मौत हो गई है। पुलिस जांच में जुट गई है। कोनी पुलिस के अनुसार, बैमा नगाई निवासी संतोष सूर्यवंशी पिता किशुन सूर्यवंशी 40 साल मकान बनाने ठेकेदारी का काम करते थे। उनका काम बिरकोना में चल रहा था। मंगलवार की शाम 6 बजे काम खत्म करने के बाद बाइक से लौट रहे थे। इसी दौरान तेज आंधी तूफान के साथ बारिश शुरू हुई। आसमानी बिजली उन पर गिर गई। जिससे वे बाइक सहित गिरकर झुलस गए। मजदूरों के द्वारा घटना की जानकारी घरवालों की दी। परिजन के द्वारा उन्हें इलाज के लिए सिम्स ले जाया गया, जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया।

# दस साल बाद सिम्स को मिली 63 लाख की नई सोनोग्राफी मशीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर






- सीएसआर मद से की गई खरीदी, मरीजों की जांच शुरू
- अब तक पोर्टेबल सोनोग्राफी मशीन से चलाया जा रहा था काम

दस साल पहले खरीदी गई सोनोग्राफी मशीन के बिगड़ने के बाद बीते पांच महीनों से पोर्टेबल सोनोग्राफी मशीन पर सिम्स की निर्भरता अब समाप्त हो गई है। सीएसआर मद अंतर्गत एनटीपीसी द्वारा जारी राशि से सिम्स प्रबंधन द्वारा 63 लाख रूपए की नई सोनोग्राफी मशीन स्थापित की गई है। नई मशीन से मरीजों को सोनोग्राफी टेस्ट की सुविधा प्रारंभ की जा चुकी है।

सिम्स में प्रतिदिन औसतन चालीस से पचास की संख्या में होने वाली सोनोग्राफी जांच की प्रक्रिया अब आसान हो गई है। रेडियो डायक्नोसिस विभाग को जुलाई महीने में नई सोनोग्राफी मशीन उपलब्ध कराई गई है, जिसके स्टालेशन के बाद पिछले चार दिनों से मरीजों के लिए जांच की सुविधा प्रारंभ भी कर दी गई है। अब तक यह काम पोर्टेबल सोनोग्राफी मशीन के भरोसे चल रहा था। सिम्स के रेडियो डायग्नोसिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सिम्स में वर्ष 2014 में सोनोग्राफी मशीन आई थी, जिससे लगातार दस साल तक मरीजों को सुविधा प्रदान की गई। पांच महीने पहले इस मशीन के खराब हो जाने के बाद सुधार का प्रयास किया गया, लेकिन काफी पुरानी मशीन होने के कारण इसके पार्ट मार्केट में उपलब्ध नहीं हो सके, जिससे पिछले चार महीनों से पोर्टेबल मशीन से काम चलाया जा रहा था। अब नई मशीन आने के बाद मरीजों को काफी सुविधा मिलने लगी है।

### सीएसआर मद से 2.33 करोड़ मिले

सिम्स को कई जरूरी उपकरणों की खरीदी के लिए नवंबर 2024 में सीएसआर मद से 2 करोड़ 92 लाख रूपए प्रावधानित किए गए हैं। इसके अंतर्गत एनटीपीसी द्वारा पहली किश्त के रूप में 2 33 करोड़ रूपए पहली किश्त के रूप में जारी भी कर दिए गए हैं। इस राशि से सिम्स प्रबंधन द्वारा दंत चिकित्सा विभाग के लिए पोर्टेबल एक्सरे मशीन, आरजीबी सेंसर, डेंटल चेयर, फोरेंसिक डिपार्टमेंट के लिए चार व छह बॉडी मरच्यूरी फ्रीजर, टीबी एंड चेस्ट डिपार्टमेंट के लिए पोर्टेबल एक्सरे मशीन, रेडियो डायग्नोसिस डिपार्टमेंट के लिए सोनोग्राफी मशीन की खरीदी की जा चुकी है। इसी तरह आर्थोपेडिक विभाग के लिए सी-आर्म मशीन सहित विभिन्न विभागों के लिए करीब एक दर्जन मशीनों की खरीदी अभी प्रक्रिया में है।

### वर्षों से किया जा रहा था प्रयास

सिम्स में सी-आर्म व सोनोग्राफी जैसी मशीनों की उपलब्धता के लिए कई वर्षों से प्रयास किया जा रहा था। नवंबर 2024 में सीएसआर मद से एनटीपीसी द्वारा सिम्स को कई जरूरी उपकरणों की खरीदी के लिए 2. 92 करोड़ रूपए प्रावधानित किए गए हैं। जेम पोर्टल के माध्यम से सोनोग्राफी सहित कुछ उपकरणों की खरीदी की जा चुकी है, वहीं सी-आर्म सहित कुछ उपकरणों की खरीदी अभी प्रक्रिया में है।

- **रमणेश मूर्ति,** डीन
छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान

सुमीत बाजार में आज का स्पेशल ऑफर



MRP. ₹ 599
& above प्रति पीस वाली
कोआर्ड सेट
2 सेट
₹499
आकर्षक रंगों में
*CONDITION APPLY
दिखाये गये फोटो से प्रोडक्ट भिन्न हो सकते हैं
ऑफर स्टॉक रहने तक
राव ट्रेड सेंटर, सत्यम टॉकिज के पास, लिंक रोड, बिलासपुर

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस का शहर में जंगी प्रदर्शन 9 को

**बिलासपुर।** कांग्रेस का 9 सितंबर को बिलासपुर में जंगी प्रदर्शन होगा, जिसकी अगुवाई स्वयं प्रदेश कांग्रेस प्रभारी एवं एआईसीसी महासचिव सचिन पायलट करेंगे। यह प्रदेश स्तर का कार्यक्रम बुधवार को राजधानी रायपुर में हुई कांग्रेस की बैठक में तय हुआ है और बिलासपुर में होने वाले वोट चोर गद्दी छोड़ रैली सभा में कांग्रेस के राष्ट्रीय सहित प्रदेश बड़े नेता, पदाधिकारी शामिल होंगे।
बिलासपुर में 9 सितंबर को वोट चोर गद्दी छोड़ प्रदर्शन की अगुवाई अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सचिन पायलट करेंगे, जिसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय पदाधिकारियों समेत प्रदेश के तमाम बड़े नेता शामिल होंगे। बुधवार को राजधानी रायपुर स्थित राजीव भवन में कांग्रेस की बैठक हुई जिसमें प्रदेशभर के सभी जिलों के शहर व जिला कांग्रेस अध्यक्षों को बुलाया गया था। यह बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज व विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने ली, जिसमें 9 सितंबर को बिलासपुर में यह कार्यक्रम तय किया गया और तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में ही सभी जिलों के अध्यक्षों को वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम में भीड़ जुटाने के लिए टारगेट दे दिया गया है।

### अरपा रिवर वैली स्कूल में शिक्षा और अध्यापन में करियर व्याख्यान



**बिलासपुर।** आज अरपा रिवर वैली इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षा और अध्यापन में करियर विषय पर महीने का करियर सत्र आयोजित किया गया। वक्ता डॉ. अजीता मिश्रा और डॉ. स्वाति जाजू थीं। दोनों ही प्रख्यात शिक्षाविद हैं, इनके पास व्यापक अनुभव है। इन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में संभावनाओं और अवसरों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने अध्यापन को केवल एक पेशा ही नहीं, बल्कि समाज के प्रति एक श्रेष्ठ सेवा बताया। डॉ. मिश्रा ने धैर्य, समर्पण और आजीवन शिक्षा के मूल्यों पर बल दिया। डॉ. जाजू ने योग्यता, आधुनिक रुझान और शिक्षा के विविध मार्गों जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म एवं शोध के बारे में अपने विचार साझा किए। यह संवादात्मक सत्र प्रश्न–उत्तर चरण के साथ समाप्त हुआ। जिसमें विद्यार्थियों ने प्रश्न पूछकर जिज्ञासा का समाधान पाया। संपूर्ण कार्यक्रम प्रतिभागियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायी सिद्ध हुआ।

### अघोराचार्य पं कीनाराम का जन्म षष्ठी पर्व एवं स्वास्थ्य शिविर



**बिलासपुर।** श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा सेन्दरी (कोनी) के अघोरपीठ आश्रम प्रांगण में अघोराचार्य महाराज श्री कीनाराम वावा का जन्म षष्ठी पर्व एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।इस अवसर पर सभी आश्रमवासी स्वयं सेवकों, श्री सर्वेश्वरी सैनिकों ने श्रमदान कर आश्रम परिसर की साफ सफाई की। उमेश नारायण मिश्रा ने मां गुरु, पूज्यपाद औघड़ वावा गुरुपद संभव राम के सुचित्रों पर पुष्प अर्पण कर पूजा आराधना की। आर.के. दीक्षित ने पावन ग्रंथ सफल योनि का पाठ किया। प्रसाद वितरण किया गया। डॉ. शुभ्रा गढ़ेवाल , डॉ. शरद गढ़ेवाल. डॉ. घनेश साहू, डॉ. नेहा वर्मा, डॉ. श्री चन्द शेखर शुक्ला, डॉ. सिंड्रेला पॉल, मनमोहन सिंह, रवि पहवा, डॉ. अशोक दीक्षित, संध्या आचार्य, सीमा सोनी, सिद्धी थवाईत, दिव्या फुलस्त, रोशनी सिदार, सूरता दीवान, कुमुदिनी सूर्यवंशी इत्यादि ने गांवों में मरीजों की जांच उपरान्त मोतियाबिन्द के 12 मरीजों को आपरेशन की सलाह देकर निःशुल्क दवाइयां प्रदान दी। 13 मरीजों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया।

### क्रिकेट संघ बिलासपुर का अंडर-19 वनडे ट्रायल कल

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा इस वर्ष भी सभी वर्गों का इंटर डिस्ट्रिक्ट मैच कराया जाएगा। जिसके लिए छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ ने सभी जिलों निर्देश जारी किया है। इसमें सभी ग्रुपों का ट्रायल कराने कहा है। जिसके लिए क्रिकेट संघ बिलासपुर द्वारा अंडर 19 वनडे 5 सितंबर सुबह 9 बजे कोनी के आधारशीला विद्या मंदिर स्कूल में ट्रायल लिया जाएगा। क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव विंटेश अग्रवाल ने बताया कि ट्रायल देने वाले सभी खिलाड़ी अपना ओरिजिनल डॉक्यूमेंट जैसे अंतिम 6 साल के मार्कशीट, पीवीसी आधार कार्ड, डिजिटल बर्थ सर्टिफिकेट और एक पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य है। साथ ही ट्रायल और रजिस्ट्रेशन फीस 500 रुपए देने होंगे। ट्रायल के लिए फॉर्म क्रिकेट संघ बिलासपुर के ऑफिस में प्राप्त होगा और फॉर्म को ऑफिस में ही सबमिट करना होगा। जिसके लिए क्रिकेट संघ बिलासपुर के ऑफिस सरजू बगीचा मसानगंज में दोपहर के 2 बजे से शाम 5 बजे के मध्य फॉर्म दिया जाएगा।

### तीन दिवसीय क्रिया योग ध्यान व दीक्षा शिविर कल से

**बिलासपुर।** तीन दिवसीय क्रिया योग ध्यान शिविर का आयोजन क्रिया योग सेंटर द्वारा 5 सितंबर से किया जा रहा है। इसके लिए स्वामी परिपूर्णानंद गिरी महाराज का नगर आगमन हो रहा है। उनके मार्गदर्शन में ध्यान, क्रिया योग व दीक्षा शिविर संपन्न होगा। सत्य प्रकाश छाबड़ा ने बताया कि यह ध्यान विधि गुरु शिष्य परंपरा द्वारा सिखाई जाती है। ध्यान की इस पद्धति को सीखने के लिए किसी समर्थ आचार्य से दीक्षा लेना आवश्यक है। शिविर में स्वामी परिपूर्णानंद गिरी महाराज शामिल होंगे। इच्छुक जनों को इस शिविर में दीक्षा 6 सितंबर को सुबह दी जाएगी। 5 सितंबर को शाम 5. 30 बजे इस शिविर का शुभारंभ स्वामी परिपूर्णानंद गिरी द्वारा प्रवचन दिया जाएगा। जिन्होंने दीक्षा नहीं ली है यह भी इस प्रवचन का लाभ ले सकते हैं। परमहंस प्रज्ञानानंद के गुरु स्वामी शुद्धानंद गिरी महाराज भी 7 सितंबर को सुबह 10 बजे सत्संग में शामिल होंगे।

### महिला सशक्तिकरण आत्मनिर्भर की ओर एक कदम प्रदर्शनी अक्टूबर में

**बिलासपुर।** गुलदस्ता फाउंडेशन संस्थापक अध्यक्ष अधिवक्ता रीता राजगीर, लायंस क्लब बिलासपुर स्माइल द्वारा राघवेंद्र राव सभा भवन में विशाल महिला सशक्तिकरण आत्मनिर्भर की ओर दो दिवसीय प्रदर्शनी 4 और 5 अक्टूबर को लगाई जाएगी। इसमें भाग लेने के लिए स्टाल की बुकिंग 25 सितंबर तक करा सकते हैं। आयोजकों ने कहा कि प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए इच्छुक अपना स्थान सुरक्षित कर सकते हैं।

---

**बिलासपुर-उसलापुर स्टेशन की समस्या** | आनलाइन पेमेंट में परेशानी, नकद लेने तैयार नहीं है रेलकर्मी

# डिजिटल पेमेंट : प्रतिदिन आरक्षण में रेल यात्रियों को हो रही दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेल प्रशासन ने बुकिंग और जनरल टिकिट काउंटर में टिकिट लेने वाले यात्रियों के लिए डिजिटल पेमेंट का आर्डर जारी कर दिया है। इसमें बुकिंग कार्यालय में एक काउंटर कैश और चार काउंटर आनलाइन पेमेंट के लिए ओपन किए गए हैं, जहां यात्रियों को डिजिटल पेमेंट में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

वर्तमान में रेल प्रशासन ने सारे कार्यों को आनलाइन करना शुरु कर दिया है। स्टेशन के प्लेटफार्म में स्टॉल, जनआहार, फूड प्लाजा, ट्रेनों के पेंट्रीकार के टेंडर से लेकर वाहनों की पार्किंग व अन्य सारे कार्य आनलाइन किए जा रहे हैं। इन कार्यों के अलावा यात्रियों के लिए भी अब आनलाइन ट्रांजेक्शन का कार्य करने का आदेश जारी किया गया है। अब तक ट्रेनों में सफर करने वाले जनरल कोच के यात्रियों के लिए अनारक्षित टिकिट काउंटर में 9 से 10 काउंटर ओपन किए जाते थे। इन काउंटरों पर यात्रियों की लंबी कतार लग रही थी। काउंटर पर कतार अधिक होने के साथ सबसे अधिक समस्या चिल्हर की रहती थी, जिसकी वजह से प्रतिदिन यात्रियों



और काउंटर पर बैठने वाले कर्मचारियों के बीच बहसबाजी हो रही थी। यात्रियों की समस्या को देखते हुए रेलवे ने आटोमेटिक टिकिट वेंडिंग मशीन के अलावा आनलाइन मोबाइल यूटीएस टिकिट की सुविधा शुरु की, ताकि यात्री काउंटर के बजाय स्वयं अपनी टिकिट की खरीदी कर सकें। इसके साथ ही रेलवे आरक्षण कार्यालय में भी यात्रियों की भीड़ कम नहीं हो रही थी। कुछ माह पहले तक आरक्षण कार्यालय के सभी काउंटरों पर यात्रियों की बुकिंग आनलाइन के साथ कैश पेमेंट के साथ की जा रही थी।

#### उसलापुर में भी परेशानी

बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन में आरक्षण कार्यालय में की जा रही बुकिंग को पूरी तरह से आनलाइन करने का निर्णय लिया गया है, लेकिन केवल एक काउंटर को ही कैश पेमेंट से बुकिंग के लिए ओपन कर रखा गया है। इसके अलावा पार्सल कार्यालय में भी 100 फीसदी आनलाइन बुकिंग का कार्य शुरु कर दिया गया है, जहां कैश पेमेंट करने वालों को वापस कर दिया जा रहा है। बिलासपुर रेलवे स्टेशन की तरह उसलापुर रेलवे स्टेशन में भी बुकिंग का कार्य आनलाइन हो रहा है, जहां केवल एक काउंटर बुकिंग के और एक काउंटर यूटीएस यानि अनारक्षित के होने के बावजूद यात्रियों को कैश पेमेंट से रिजर्वेशन की सुविधा नहीं दी जा रही है।

#### क्या हो रही समस्या

आरक्षण कार्यालय में पांच काउंटर ओपन किए गए हैं, जिसमें से केवल चार काउंटर ही यात्रियों के लिए खुले हैं। एक काउंटर में हमेशा बंद के बोर्ड लगे रहते हैं। चार काउंटर में से तीन काउंटर पर आनलाइन डिजिटल पेमेंट और एक काउंटर पर कैश पेमेंट से यात्रियों को टिकिट देने का आदेश है। इसमें सबसे अधिक परेशानी यूपीआई आईडी से टिकिट लेने में हो रही है। यूपीआई आईडी कम्प्यूटर ले नहीं रहा है, जिसकी वजह से टिकिट लेने वाले यात्रियों को वापस भेज दिया जा रहा है। वहीं सुबह तत्काल टिकिट के लिए चार में से तीन काउंटर पूरी तरह से खाली रहते हैं और एक कैश काउंटर पर यात्रियों की लंबी कतार लगती है।

#### यात्रियों को होगी सुविधा

रेल प्रशासन ने आनलाइन और डिजिटल पेमेंट का जो भी निर्णय लिया है वह यात्रियों की सुविधा को देखते हुए है। इस निर्णय से सबसे अधिक दलाली को रोका जा सकता है। वहीं चिल्हर की समस्या से भी यात्रियों को छुटकारा मिल सकेगा।

-अनुराग कुमार सिंह
सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

---

## जिला पंचायत: रिनीवल कार्य के लिए 12 करोड़ रुपए की स्वीकृति

# सामान्य सभा में सदस्यों ने उठाया खराब सड़क व खाद कमी का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला पंचायत में बुधवार को सामान्य सभा की बैठक में जिले में खराब सड़कों और खाद की कमी का मुद्दा उठा। खाद की कमी को देखते हुए जिला सहकारी बैंक की ओर से सप्ताहभर में 1700 टन यूरिया खाद आने की जानकारी दी गई। वहीं सड़क के मामले में पीडब्लूडी के अधिकारियों ने सड़कों के मरम्मत कार्य के लिए टेंडर लगने और रिनीवल कार्य के लिए 12 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिलने की जानकारी सदस्यों को दी गई।

जिला पंचायत के सभाकक्ष में सामान्य सभा की बैठक के दौरान खाद की कमी का मामला उठा, जिस पर जिला सहकारी बैंक की ओर यह बताया गया कि यूरिया खाद की कमी है जिसके लिए 1700 टन यूरिया खाद का मांग पेडिंग है और सप्ताहभर में खाद आने की संभावना है। इस पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सर्यूवंशी ने कहा कि सहकारी बैंक अपने ओर से सर्वे करा ले और वास्तविक में जहां खाद की आवश्यकता है वहां पर खाद भेजा जाए। सदस्यों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों के बरसात में खराब हुए सड़कों का मुद्दा उठाया गया। इस पर पीडब्लूडी के अधिकारियों द्वारा यह बताया गया कि खराब सड़कों के मरम्मत के लिए टेंडर लग गया है और रिनीवल कार्य के लिए 12 करोड़ रुपए की स्वीकृति भी आ गई है। पीडब्लूडी के बजट में 46 सड़कों में से सभी का इस्टीमेट चला गया है और 20 सड़कों की स्वीकृति भी मिल गई है। इसी तरह नगपुरा से कड़ार-सेंवार सड़क के लिए टेंडर लग गया है।



जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक में चर्चा करते सदस्य।

#### सामान्य सभा में ये सदस्य रहे उपस्थित

जिला पंचायत सामान्य सभा में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी व मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप कुमार अग्रवाल सहित वंदना गवेल, सदस्यगण अनुसुईया कश्यप, गोविंद राम यादव, भारती माली, अम्बिका साहू, अरूणा सूर्या, निरंजन सिंह पैकरा, अनिता राजेन्द्र शुक्ला, शिवेन्द्र प्रताप कौशिक, राजेन्द्र धीवर, दामोदार कांत, सतकली बावरे, राधा खिलावन पटेल, रजनी पिन्टू मरकाम एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

#### इन मुद्दों पर भी हुई चर्चा

जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक में आदिवासी विकास विभाग, सहकारिता विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पीडब्लूडी, खाद्य विभाग, वन विकास निगम एवं सामाजिक वानिकी, स्वच्छ भारत मिशन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं, कार्यो की समीक्षा की गई। आदिवासी विकास विभाग के अधिकारी द्वारा छात्रावास, आश्रम में दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी गई। बैठक में सदस्यों द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रतनपुर, कोटा क्षेत्र के लिए जनरेटर उपलब्ध कराने की मांग उठाई गई। इसी तरह करगीकला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डाक्टर नहीं होने का विषय सामने आया, जिसे सीएमएचओ द्वारा व्यवस्था बनाने की बात कही गई है। सहकारिता विभाग में अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का जल्द से जल्द निराकरण करने कहा गया। इसी तरह खाद्य विभाग से आश्रित ग्राम पंचायतों में पीडीएस वितरण की सुविधा दी जाए ऐसी मांग रखी गई तथा स्वच्छ भारत मिशन योजनान्तर्गत वर्तमान में संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। नलकूप खनन काम जल्द से जल्द शुरू करने कहा गया है। कुछ सदस्यों द्वारा बैठक में बिजली की समस्या भी उठाया गया।

---

### बिजनेस प्लस

## बिलासपुर में नई होंडा शाइन 100 डीलक्स एवं सीबी 125 होर्नेट लांच



**बिलासपुर।** होंडा ने अपनी नई 100 सीसी मोटरसाइकिल साइन 100 डीलक्स की ग्रैंड लांचिंग सिटी मॉल 36 बिलासपुर में रंगारंग समारोह के बीच होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया लिमिटेड के सेंट्रल रीजनल मैनेजर सेल्स शशांक राज़दान एवं कंपनी के अन्य सहयोगियों रीजनल मैनेजर सर्विस रवि कुमार फिरगंनवार, जोनल मैनेजर सेल छत्तीसगढ़ प्रतीक प्रणव, जोनल मैनेजर सर्विस अरिजीत भट्टाचार्य, जोनल मैनेजर पाट्र्स गौरव मिश्रा, एरिया इंचार्ज सेल्स अलोक राय, एरिया इंचार्ज सर्विस बृजेश भगत, एरिया इंचार्ज पाट्र्स दीपक दत्त, स्थानीय होंडा विक्रेता ड्रीम होंडा के निदेशक गोपाल कृष्णा जायसवाल, कुणाल जायसवाल, करण जायसवाल एवं मौसाजी होंडा के निदेशक निशांत खंडेलवाल एवं उनकी पूरी टीम मौजूद थीं।

उन्होंने नई पीढ़ी के नवयुवकों के लिए एक और एकदम नई 125 सीसी मोटरसाइकिल सीबी 125 होर्नेट का भी अनावरण किया। कार्यक्रम में 25 नई गाड़ियों के ग्राहकों श्री राज़दान ने चाबी प्रदान की। श्री राज़दान ने बताया की दोनों ही मोटरसाइकिल अपने सेगमेंट की बेहतरीन गाड़ियां हैं। नई शाइन 100 डीलक्स अपने नए पंच लाइन सॉलिड है के साथ पूरे भारत के साथ ही अब छत्तीसगढ़ में भी चार रंगों इम्पीरियल रेड मैटलिक, पर्ल इग्नेयइस ब्लैक, जेनी ग्रे मटैलिक एवं थैलेटिक ब्लू मटैलिक में सॉलिड स्टाइल, डिजिटल मीटर के साथ उपलब्ध है। इसकी कीमत 74 हजार 100 रुपए एक्स शोरूम छत्तीसगढ़ है। साथ ही सीबी 125 हार्नेट अपने सेगमेंट के पहले गोल्डन अप साइड फोर्क सस्पेंशन के साथ ही सिंगल चॅनेल एबीएस ब्रकिंग सिस्टम, मोनो रियर सस्पेंशन डिजिटल टीएफटी मीटर, की ऑन टैंक चार रंग पर्ल साईरन ब्लू विथ लेमन आइस येलो, पर्ल साईरन ब्लू विथ स्पोर्ट रेड, पर्ल साईरन ब्लू विथ थैलेटिक ब्लू मटैलिक एवं पर्ल इग्नेयइस ब्लैक के साथ रु 112000.00 में उपलब्ध है।

---

## प्राथमिक चिकित्सा और आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण हम सबके लिए जरूरी: आयुक्त




**बिलासपुर।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा आयोजित प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण एवं आपदा प्रबंधन कार्यक्रम के दुसरे दिन राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर बालमुकुंद दुबे ने प्रशिक्षार्थियों को प्राथमिक चिकित्सा, सांप के काटने से तुरंत बचाव बैंडेजिंग आदि का प्रशिक्षण दिया।
सिम्स की डा. मधुमिता मूर्ति ने सीपीआर का प्रशिक्षण दिया। साथ ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अर्चना झा ने नशा मुक्ति के लिए चलाए जा रहे चेतना अभियान की जानकारी दी। वहीं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात राम गोपाल करियारे द्वारा यातायात की जानकारी दी गई। बिलासपुर संभाग के आयुक्त सुनील जैन मुख्य अतिथि थे। अध्यक्षता आईजी डॉ संजय शुक्ला एवं विशिष्ट अतिथि भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष कलेक्टर संजय अग्रवाल थे।
प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण एवं आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण का समापन हो गया। मुख्य वक्ता संभाग आयुक्त ने प्राथमिक चिकित्सा एवं आपदा प्रबंधन पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण समाज के लिए एवं हम सबके लिए लाभकारी है। इस प्रशिक्षण को प्राप्त किए हुए प्रशिक्षार्थी आने वाले समय में अधिक से अधिक स्कूल और कॉलेज में प्रशिक्षण देंगे। आईजी डॉ संजीव शुक्ला ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण होते रहने चाहिए। प्रशिक्षार्थियों में खुशी लाडिया ने इस प्रशिक्षण को बहुत लाभकारी बताया।

#### इनकी रही उपस्थिति

आज के कार्यक्रम में अमरजीत सिंह, डॉ राजीव अवस्थी, डॉ. एम ए जीवनी, संजय मिश्रा, आदित्य पांडे, लक्ष्मी नारायण मिश्रा, सुशील राजपूत, गीतेश्वरी चंद्रा, लेमा देवांगन, अन्नू पटेल, नौरीश जेहरा, अली ममता, लहरे पूजा केवट एवं मुस्कान ठाकुर आदि मौजूद थे।

## दुर्घटना राहत मेडिकल यान की जांच करने पहुंचे जीएम



**बिलासपुर।** एक दिन पहले गोंदिया स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर तीन पर खड़ी एआरटी मेडिकल रिलीफ यान में आग लगने की घटना हो गई थी, जिसके बाद दूसरे दिन बुधवार को जोन के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश अन्य अफसरों के साथ बिलासपुर स्टेशन के यार्ड में खड़ी एआरटी की जांच करने के लिए पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पूरे कोच की जांच करने के साथ अफसरों को दिशा निर्देश भी दिया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के गोंदिया रेलवे स्टेशन में खड़ी दुर्घटना राहत यान यानि एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन में आग लगने की घटना हो गई थी। इसके कारण रिलीफ ट्रेन के कोच के अंदर सारे उपकरण व अन्य सामान जलकर खाक हो गए थे। इससे रेलवे को काफी नुकसान उठाना पड़ा। मामले की जांच के लिए अधिकारियों की टीम घोषित कर दी गई है। वहीं कोच में अचानक आग लगने की घटना और दूसरी ट्रेन की जांच का आदेश उच्चाधिकारियों ने रेल अफसरों व स्टाफ को दिया है। नामित स्टेशनों पर दुर्घटना राहत यान और दुर्घटना राहत मेडिकल उपकरण यान खड़ी हुई है।

### एजुकेशन प्लस

## द जैन इंटरनेशनल स्कूल में ग्रैंडपेरेंट्स डे मनाया गया




**बिलासपुर।** द जैन इंटरनेशनल स्कूल में ग्रैंडपेरेंट्स डे 3 सितम्बर को मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के मैनेजमेंट ट्रस्टी अशोक अग्रवाल एवं अनीता अग्रवाल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमें अपने बुजुर्गों के प्रति सम्मान व आदर का भाव रखना चाहिए। विद्यार्थियों ने वहां उपस्थित अपने ग्रैंड पेरेंट्स का स्वागत गीत एवं स्वयं भाषण के माध्यम से किया। विद्यालय के प्राचार्य एसएस राजपूत ने कहा कि इस कार्यक्रम को मनाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों का बुजुर्गों के साथ जुड़ाव, संवेदनशीलता व मां-बाप जैसी भावनाओं को विकसित व सुदृढ़ करना है। विद्यालय की उप-प्राचार्या जयती बनर्जी एवं जूनियर स्कूल की संचालिका डॉ. मीना गुप्ता एवं शिक्षण भी उपस्थित रहे।

---

**6 बार आवेदन दे चुके, न जिला प्रशासन सुन रहा न समाज कल्याण विभाग**

# नेत्रहीन विद्यार्थियों ने लगाई हास्टल में रहने देने की गुहार

**बिलासपुर।** एक तरफ बच्चों को शिक्षा देने के लिए सरकार कई योजनाएं चला रही हैं तो दूसरी ओर अधिकारी बच्चों खास तौर पर नेत्रहीनों की व्यववस्था पर बिलकुल ध्यान नहीं दे रहे हैं। दृष्टि बाधित होनहार विद्यार्थियों ने मंगलवार को ज्ञापन सौंपकर उच्च शिक्षा के लिए हॉस्टल की व्यवस्था मुहैया कराने की मांग की है।



कलेक्टोरेट पहुंचे इन छात्रों ने बताया कि वे 60 छात्र एसबीआर कॉलेज में विभिन्न संकायों में अध्यनरत है। 12 वी तक की पढ़ाई उन्होंने तिफरा के आश्रय दत कर्मशाला के ट्रेनिंग सेंटर से की है। इसके बाद लेकिन कॉलेज की पढ़ाई के लिए उनके हॉस्टल की व्यवस्था नहीं है। इसीलिए वे कलेक्टर के पास फिर गुहार लगाने आए है। इन दृष्टि बाधित विद्यार्थियों का कहना है, कि वे बिल्हा, तखतपुर, कवर्धा, और आसपास के जिले और संभाग के रहने वाले है। उन्हें आगे पढ़ने और बढ़ने की इच्छा है, पर आवास की व्यवस्था नहीं होने के कारण उन्हें नियमित क्लास अटेंड करने में परेशानी हो रही है। इसके लिए वे अब तक कलेक्टर, और समाज कल्याण विभाग को 6 से 7 बार आवेदन कर चुके है।

- तिफरा आश्रयदत्त कर्मशाला के अफसरों की हठधर्मिता
- दृष्टिबाधित विद्यार्थी साल-डेढ़ साल से कर रहे संघर्ष

#### होटल में रुककर परीक्षा देनी पड़ी थी

इन छात्रों ने बताया कि दो सालों से संघर्ष कर रहे हैं लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है। छात्रों ने बताया कि पिछले साल भी व्यवस्था नहीं होने के कारण वे नियमित कक्षाएं अटैंड नहीं कर सके थे। छात्रों के मुताबिक उनकी पढ़ाई ब्रेल लिपि से होती है इसलिए प्रत्येक कक्षा में उपस्थित रहना जरूरी होता है। पिछले साल क्लास के अलावा परीक्षा के समय में भी परेशानी हुई थी। बिलासपुर के बाहर से रहने और शहर आकर पढ़ाई करने वाले छात्रों को होटल में रुककर परीक्षा देनी पड़ी थी। इससे उनके परिवार पर आर्थिक बोझ पड़ा था।

#### हास्टल में 80 सीट खाली पड़ी

इन छात्रों ने बताया कि तिफरा में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित आश्रय दत कर्मशाला में 100 सीट है। यह एक ट्रेनिंग सेंटर है भी है। इस सेंटर में वर्तमान में महज 20 छात्र ही ट्रेनिंग ले रहे है और बाकी सीट खाली है। इस सेंटर में रहने की पर्याप्त व्यवस्था है फिर भी जगह नहीं दी जा रही है। कलेक्टर से मुलाकात के दौरान इन बच्चों ने अपनी समस्या बताई और हास्टल में रहने देने की मांग की है ताकि वे शिक्षा प्राप्त कर आगे बढ़ सके। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने छात्रों को आश्वासन दिया है।

## उषा देवी मेमोरियल कालेज सकरी में प्रवेश कल तक

**बिलासपुर।** उच्च शिक्षा विभाग रायपुर से अनुमति एवं एयू से संबंद्धता प्राप्त टैगोर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट द्वारा संचालित उषा देवी मेमोरियल कालेज, तुरकाडीह बायपास रोड सकरी में विविभि पाठयक्रमों में प्रवेश 5 सितंबर तक दिया जा रहा है।

प्राचार्य ने बताया कि यहां बीए, बी. काम. बी.एस.सी (बायो. समूह) प्रथम वर्ष पीजीडीसीए पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है। यहां पर अनुभवी शिक्षक व शिक्षिकाएं कार्यरत हैं। शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित प्रबंधन समिति है, जो गुणवतायुक्त उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है। संस्थान का सदैव प्रयास रहता है कि शिक्षा के क्षेत्र में कुछ नया करे। संस्थान का यह भी प्रयास है कि कम फीस में अच्छी शिक्षा प्रदान की जाये, साथ ही सकरी ग्रामीण क्षेत्र से लगा हुवा है और संस्थान का प्रयास है कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चो को उच्च शिक्षा प्रदान की जा सके, फीस को आसान किश्तो में जमा करने की सुविधा भी दिया गया है। यहां पर उन्नत प्रयोगशाला, गुणवत्तायुक्त वृहद पुस्तकालय, एवं सुगम परिवहन व्यवस्था की सुविधा है। शासन द्वारा प्रदाय छात्रवृत्ति प्रदान किया जाता है।

एनएसएस की भी सुविधा दी जाती है। इस महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए समय समय पर सेमीनार कान्फैन्स, अतिथि व्याख्यान भी आयोजित किए जाते हैं। उषा देवी मेमोरियल कालेज में रिक्त बची सीटों पर पहले आओ पहले पाओं की तर्ज पर प्रवेश दिया जा रहा है। प्रवेश 5 सितंबर तक है।

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, गुरुवार 4 सितंबर 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255


## जगह-जगह विराजे देवादेव


खपरगंज गणेश समिति


हरिओम गणेश समिति राजीव गांधी चौक


यादव गणेश समिति सिरगिट्टी


पंचमुखी हनुमान गणेश समिति बंधवापारा


श्री गणेश सिरगिट्टी


बाल गणेश उत्सव लोखंडी


हनुमान गणेश चिंगराजपारा


श्री गणेश उत्सव उसलापुर


सेन परिवार सिरगिट्टी


श्री महादेव गणेशोत्सव समिति तिफरा



अर्चना तिवारी के निवास में श्री गणेश


जेपी विहार कालोनी


रूद्राक्ष, अक्षांश देवांगन जूना बिलासपुर


गणेश उत्सव करबला


आदर्श गणेश समिति मंगला


बाल गणेश गोकुलधाम घुरू

# परिवर्तिनी एकादशी पर भगवान श्याम का अलौकिक श्रृंगार

**परिवर्तिनी एकादशी पर बुधवार को राममंदिर तिलकनगर से श्री खाटू श्याम मंदिर तक एक भव्य निशान यात्रा निकाली गई। निशान यात्रा के समापन पर भक्तों ने मंदिर में 151 निशान अर्पित किया। 51 किलो गेंदे के फूल से भगवान श्याम का आकर्षक श्रृंगार किया गया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जय श्री श्याम मन्दिर ट्रस्ट बिलासपुर द्वारा प्रत्येक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी पर भव्य निशान यात्रा निकाली जाती है। इसी क्रम में भाद्र पद माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी पर बुधवार को यह आयोजन किया गया। भगवान श्याम का पूजन, अर्चन कर 51 किलो गेंदे के फूल से आकर्षक श्रृंगार किया गया। भव्य दरबार सजा कर अलौकिक श्रृंगार महाआरती की गई। शाम को श्री खाटू श्याम मंदिर घोंघा बाबा मंदिर परिसर में श्री श्याम भजन संध्या आयोजित की गई। इसमें वाद्य यंत्रों की धुन पर एक से बढ़ कर भजन पेश कर बाबा श्याम का गुणगान किया गया।

### राम मंदिर से निकाली गई भव्य निशान यात्रा, भक्तों ने चढ़ाए 151 निशान





### ब्रम्हचारी संत से लिया आशीर्वाद

ब्रम्हचारी संत श्री आनंद महाराज ऋषिकेश के श्री खाटू श्याम मंदिर घोंघा बाबा मंदिर परिसर आगमन पर उनका स्वागत कर उनसे आशीर्वाद लिया गया।

### भगवान विष्णु करवट बदलते हैं योग निद्रा में

परिवर्तिनी एकादशी को भाद्र पद माह के शुक्ल पक्ष को एकादशी के रूप में मनाया जाता है। जिसे पार्श्व एकादशी, पद्मा एकादशी और जयंती एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन भगवान विष्णु योग निद्रा में करवट बदलते हैं, इसलिए इसे परिवर्तिनी एकादशी कहते हैं। इस दिन भगवान विष्णु के वामन अवतार की पूजा की जाती है। माना जाता है कि इस एकादशी का व्रत रखने से सभी पाप नष्ट होते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

**श्याम मंदिर में चल रही भागवत कथा**

# सच्चे मन से करें भागवत कथा का श्रवण

**श्रीमद् भागवत कथा साक्षात वाग्मय का रूप है। इसमें भगवान का सुंदर वर्णन है। 10 वां स्कंद भगवान का मुखाबिंद है। भागवत भगवान की कथा का एक-आधी घड़ी सच्चे मन से श्रवण करें। सच्चे मन से कथा श्रवण करने से यह हमारे हृदय में बस जाएगा और सदैव हमारे साथ रहेगा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ये बातें कथा वाचक अभिनव गोपाल शरण महराज ने राधा गोपाल सत्संग सेवा संघ एवं श्री लक्ष्मी नारायण सेवा संघ के संयुक्त तत्वावधान में घोंघाबाबा परिसर स्थित श्री श्याम मंदिर में चल रहे श्रीमद भागवत कथा रस महोत्सव में बुधवार को सुखदेव आगमन, ध्रुव चरित्र एवं कपिल व अजामिल उपाख्यान की कथा पर प्रकाश डालते हुए कही। उन्होंने कहा कि जिस चीज का निरंतर अभ्यास हो वह धीरे-धीरे हमारा स्वभाव एवं अंतःकरण में जाकर संस्कार बन जाता है और संस्कार हमारे जन्म-जन्म तक साथ रहता है। जैसे कोई बच्चा बचपन से भगवान के भजन में लग जाता है। कोई विपरीत परिस्थितियों में भी श्रेष्ठ भागवत भक्त निकल आते हैं तो यह उनके पूर्व कर्म का संस्कार होता है।





### श्रोता कथा रस को पिएं

कथा वाचक ने बताया कि सुखदेव महराज कहते हैं कि श्रोता कथा रस को पिएं। भक्ति की 9 श्रेणियां हैं। श्रवण भक्ति के आचार्य महराज परीक्षित है। इन्होंने भागवत कथा का ऐसे श्रवण किया कि उनके हृदय में भगवान आच्छादित हो गए। इसके लिए राजा परीक्षित के चरित्र को जानना होगा। राजा परीक्षित कोई साधारण राजकुमार नहीं बल्कि साक्षात भगवान के रूप हैं। इनके जन्म होते ही सुखदेव ने भागवत कथा का उन्हें श्रवण कराया। दोनों भागवत गीता के महापुरूष हैं। अर्जुन भगवान कृष्ण के सखा हैं। अर्जुन को भगवान कृष्ण ने गीता का उपदेश दिया था।

### भक्ति ने अमर किया ध्रुव तारे के रूप में

कथावाचक ने बताया कि नारद मुनि की प्रेरणा से 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' का मंत्र जपते हुए ध्रुव ने कठोर तपस्या की और अपनी अटूट भक्ति से भगवान को प्रसन्न किया। ध्रुव की इस भक्ति ने उन्हें न केवल पिता की गोद से भी ऊपर, बल्कि उन्हें ध्रुव तारे के रूप में अमर कर दिया।

### जानें ब्रज रस के सिद्धांत को

कथावाचक ने बताया कि प्रत्येक आत्मा के दिल में परमात्मा का वास रहता है। देखा देखी उपासना करने से अर्थ का अनर्थ हो जाता है। प्रमाणिक गुरुजनों से ग्रंथों के वास्तविक रहस्यों को प्राप्त किया जा सकता है। वहीं ब्रज रस के सिद्धांत को जानें। सेंटेंस बनाने का एक नियम होता है। आगे-पिछे होने पर उसका अर्थ ही बदल जाएगा। इसी तरह सिद्धांत के पुष्ट नहीं होने पर कथा रस में प्रवेश संभव नहीं है। हमारी आसक्ति भगवान के प्रति हो। सारी सृष्टि भगवान का स्वरूप है। ज्ञान, कर्म दोनों को भगवत उपासना से प्राप्त किया जा सकता है।

# सामुहिक प्रगति को बढ़ाती है सामाजिक एकजुटता

**श्री जैन श्वेतांबर श्री संघ का संवत्सरी क्षमापना समारोह चोपड़ा भवन तारबाहर में संपन्न हुआ। जिसमें बच्चों को शैक्षणिक उपहार दिया गया, तपस्या करने वालों की अनुमोदना एवं समाज के बुजुर्गो का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील जैन कमिश्नर एवं विशिष्ट अतिथि जैन समाज के संरक्षक प्रवीण जैन थे।**

**जैन श्वेतांबर समाज का संवत्सरी क्षमापना समारोह**





**बिलासपुर।** मंचस्थ अतिथियों में जैन समाज संरक्षक विमल चोपड़ा, सनत जैन, सुरेंद्र मालू, इंदरचंद बैद, जैन श्वेतांबर संघ के अध्यक्ष सुभाष श्रीश्रीमाल, तेरापंथ समाज के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश बोथरा, जैन सभा अध्यक्ष दीपक जैन, दिगंबर चातुर्मास समिति अध्यक्ष जयकुमार जैन उपस्थित थे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संभाग के कमिश्नर सुनील जैन ने कहा कि समाज की एकजुटता सामाजिक सद्भाव, सहयोग और सामूहिक प्रगति को बढ़ावा देता है। एकजुट समाज में लोग एक-दूसरे का सहयोग और समर्थन करते हैं, जिससे सामाजिक समस्याओं का समाधान आसान होता है। समाज की एकजुटता सामूहिक प्रगति को बढ़ावा देती है, जिससे समाज के सभी वर्गों का विकास होता है। समाज के विभिन्न वर्गों के बीच संचार और समझ बढ़ाने से एकजुटता को बढ़ावा मिलता है। साझा लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए समाज को एकजुट रहना आवश्यक है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं जैन समाज के संरक्षक प्रवीण जैन ने अपने उद्बोधन में जैन समाज के लोगों से आग्रह किया है कि वे समाज में होने वाले हर कार्यक्रम में शामिल होकर उसे सफल बनाएं। उन्होंने विशेष रूप से दिगंबर समाज के चातुर्मास कार्यक्रमों का उल्लेख किया, जिनमें माता जी की उपस्थिति में विभिन्न धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। इन आयोजनों में श्री 1008 सिद्ध चक्र विधान महामंडल विधान और विश्व शांति महायज्ञ भी होने जा रहा है।

### समाज के बच्चों का किया सम्मान

समाज में अहम भूमिका निभाते हुए समाज को नई ऊंचाइयों में ले जाने के लिए शैक्षणिक योग्यता पुरस्कार में प्रतिभावान बच्चों में निया चोपड़ा, भव्य जैन मिशिका छाजेड़, प्रियांश जैन, लव्या भयानी, दिवित जैन, अनमोल संघवी, रियांश चोपड़ा, उत्कृष्ट दर्श मेहता, प्रखर डाकलिया, पंखुड़ी डाकलिया, पाखी जैन, नक्श जैन, यजस जैन, मौली मेहता, शनाया चोपड़ा, दृष्टि जैन, इप्शा मेहता, जिनेन्द्र जैन, वर्णिका चोपड़ा, पूर्वा परसरामनी, अवधी संघवी, भव्या चोपड़ा, अतुल्या कोचर, करिश्मा जैन, संजना गोलछा , रशीता मेहता सहित अन्य को उपहार देकर सम्मानित किया गया।



# महिलाओं ने दी भजन संगीत, नृत्य की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- देसी दिवाज़ ग्रुप का तीज मिलन समारोह

देसी दिवाज़ ग्रुप की व्यवस्थापिका सुनयना नायर और श्वेता पटेल ने एक निजी होटल में ग्रुप की महिलाओं के साथ मिलकर तीज मिलन समारोह का आयोजन किया। इसमें भजन, संगीत, नृत्य की प्रस्तुति दी गई। खेलकूद भी यादगार रहा।

समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में तीज से जुड़े विभिन्न मनोरंजक गेम्स खेले गए। महिलाओं ने रैम्प वॉक भी किया। पंचुअल्टी का इनाम मनीषा वैष्णव को मिला। गेम्स की विजेता मनीषा वैष्णव, शिखा जांगड़े, शीतला चंद्राकर, मीना गुरनानी, निर्मला चंद्रा, स्नेहा श्रीवास्तव, हाउज़ी की विजेता अल्का सिंह, प्रदीप कौर, निमिषा बाटव रही। मंजू मगर और प्रियंका उपाध्याय को तीज क्वीन का खिताब दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं को रिटर्न गिफ्ट्स भी दिए गए। अंत में सभी तिजहारिन बहनों ने विविध व्यंजनों का लुत्फ उठाया।

## खबर संक्षेप

### रंजिश को लेकर ग्रामीण के साथ गाली-गलौज

**तखतपुर।** पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करने वालों के विरुद्ध पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम समडील निवासी देवराम पटेल पिछले 13 वर्षों से अपने ससुराल में रोजी मजदूरी कर जीवन यापन कर रहा है। 30 अगस्त को दोपहर 2:30 वह बजे गनियारी से वापस अपने घर जा रहा था। इसी दौरान सुखराम पटेल और किशन पटेल ने सुबह गाली-गलौज करने की बात को लेकर उसके साथ मारपीट कर दी। शिकायत पर पुलिस ने धारा 115,2 296,3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### ढाबा मालिक व मिस्त्री के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** चिकन पसंद नहीं आने पर ढाबा के मिस्त्री और मलिक के साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर दी गई। मामले पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। जानकारी के अनुसार होलिका चौक तखतपुर निवासी भरत देवांगन पिता बुधराम देवांगन ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि, पिछले 10 वर्ष से वह ग्राम जरेली मेन रोड स्थित ममता ढाबे में मिस्त्री का काम कर रहा है। मंगलवार 2 सितम्बर को रात्रि करीब 9 बजे ग्राम मोढ़े निवासी रवि रजक तथा उसका भाई राजू रजक आए और चिकन पार्सल करने का कहा। इस पर भरत चिकन पार्सल करने लगा, लेकिन उन्हें चिकन पसंद नहीं आया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में बहस हो गई, जिसमें रवि व राजू रजक गाली-गलौज करने लगे। ऐसा करने करने से मना करने पर रवि रजक तथा राजू रजक ने लोहे के राड, मुक्के व हाथ से भरत देवांगन के साथ मारपीट करने लगे। इस पर ढाबा मालिक राजेन्द्र देवांगन व आकाश ध्रुव ने बीच बचाव किया। आरोपियों के हमले में भरत के दाहिने हाथ की कलाई एवं भुजा व सीने में चोट लगी है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2) 296, 3(5) के तरह अपराध पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी।

## निधन

### नमिता परसाई



**बिलासपुर।** नमिता परसाई का 3 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई के छोटे भाई गौरीशंकर की पत्नी, अमिता, अजिता की मां और सुशील शर्मा की सास थीं।

### कलावती देवी बजाज



**बिलासपुर।** राजेंद्र नगर चौक निवासी कलावती देवी बजाज का 2 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्वर्गीय सुंदर दास बजाज की पत्नी, श्याम व राजेश प्रथम बजाज की मां थीं।

### भरत कुमार शर्मा



**तखतपुर।** ग्राम कोलेगांव निवासी भरत कुमार शर्मा का 60 वर्ष की आयु में 2 सितम्बर को निधन हो गया। वे आस्था शर्मा के पिता, नर्मदा, केदार, बल्दाऊ, कांति, दुष्यंत के भाई थे। इनका अंतिम संस्कार मुंगेली में किया गया।

## ग्राम नेवसा में लगा एनएसएस का एक दिवसीय शिविर

### सीएम दुबे शासी निकाय के अध्यक्ष डा. दुबे ने रैली को दिखाई हरी झंडी

# सेवा, सहयोग और जागरूकता का संदेश दे रहे स्वयंसेवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

अंचल के प्रतिष्ठित सीएम दुबे स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गोद ग्राम नेवसा में एक दिवसीय कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ संजय दुबे ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। श्री दुबे ने बताया कि एनएसएस द्वारा अनेक कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

नेवसा ग्राम में जन जागरूकता, पौधरोपण, नशा मुक्ति रैली, सरकार की डिजिटल योजना, श्रम पंजीयन, एड्स जागरूकता, आदि अनेक प्रकार की जागरूकता लाने का प्रयास किया जाएगा। इस कैंप में मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि अजय श्रीवास्तव उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना ने गोद ग्राम नेवसा में अनेक कार्य किए हैं उनके कार्यों को मैंने देखा और परीक्षण किया कि कड़ी मेहनत में एनएसएस के बच्चों ने यहां शौचालय बनाए, मंदिर का निर्माण किया, दो तालाब बनाए, गार्डन में पौधारोपण किया है जिसमें फल लग रहा है। मैने भी वहां पौधरोपण किया। एक दिवसीय शिविर में आकर बहुत ही अच्छा लगा। ग्रामवासी से मुलाकात की। बच्चों ने अनेक जन जागरूकता कार्यक्रम किए। रैली का आयोजन हुआ। इस मौके पर सरपंच राजकुमार मरावी, प्राथमिक शाला नेवसा के प्रधान पाठक सीएल साहू, कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर केके शुक्ला महिला कार्यक्रम अधिकारी वंदना गोस्वामी, निकिता साहू, रामेश्वर पटेल सहायक कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर का संचालन कार्यक्रम अधिकारी रोहित लहरे ने किया। ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों तथा ग्रामीणों ने इकाई की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों की अपेक्षा व्यक्त की। बड़ी संख्या में ग्रामवासी इस शिविर में सम्मिलित हुए और सक्रिय सहयोग प्रदान किया। शिविर में स्वयंसेवकों रागिनी मानिकपुरी, चंचल घृतलहरे, तनु, कान्हा अनुराग, उत्कर्ष तिवारी, महेंद्र विश्वकर्मा शिवम दुबे सहित 120 स्वयंसेवक उपस्थित रहे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत कर कार्यक्रम का समापन किया गया।



ग्राम नेवसा में आयोजित शिविर में शामिल शिक्षक व बच्चे।

#### स्वच्छता अभियान

स्वयंसेवकों ने ग्राम के सार्वजनिक स्थलों, मंदिर प्रांगण एवं स्कूल परिसर की साफ-सफाई की तथा लोगों को स्वच्छ ग्राम – स्वस्थ ग्राम का संदेश दिया।

#### पौधरोपण कार्यक्रम

पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से विभिन्न पौधों का रोपण किया गया और उनके संरक्षण हेतु ग्रामीणों को प्रेरित किया गया।

#### नशा मुक्ति रैली

स्वयंसेवकों ने पूरे ग्राम में रैली निकालकर शराब, गुटखा एवं अन्य मादक पदार्थों से दूर रहने का आह्वान किया। साक्षरता एवं स्वास्थ्य जागरूकता घर-घर जाकर ग्रामीणों को शिक्षा का महत्व, बालिकाओं की पढ़ाई तथा स्वच्छ जल एवं पोषण के बारे में जानकारी दी गई।

#### सांस्कृतिक प्रस्तुति एवं भाषण

स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक एवं भाषणों के माध्यम से सामाजिक मुद्दों पर संदेश दिया।

#### एनएसएस सशक्त मंचः सिंह

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ संजय सिंह ने कहा कि एनएसएस युवा पीढ़ी को समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण की दिशा में अग्रसर करने वाला सशक्त मंच है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ के के शुक्ला ने स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर न केवल ग्रामीण क्षेत्रों को लाभान्वित करते हैं, बल्कि युवाओं में आत्मविश्वास और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करते हैं।

# अटल की मांग पर जर्जर सड़कों का मरम्मत कार्य स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव की मांग पर जर्जर सड़क की मरम्मत हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा बारह सड़कों की मरम्मत की स्वीकृति प्रदान की गई है। कोटा क्षेत्र के सड़कें अत्यंत जर्जर हो गई थी। क्षेत्रवासियों को आवागमन में समस्या का सामना करना पड़ रहा था। क्षेत्रवासियों के सुगम आवागमन हेतु अटल श्रीवास्तव द्वारा जर्जर सड़क की मरम्मत हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा था।

लोक निर्माण विभाग द्वारा कोटा अचानकमार मार्ग कोटा लोरमी पंडरिया मार्ग कोटा बेलगहना मार्ग कोटा अमाली बिल्लीबंद नवागांव मार्ग कोटा नवागांव सल्का समेरिया मार्ग बांसाझाल मार्ग श्रीपारा से परसदा मार्ग श्रीपारा से नवागांव मार्ग बेलगहना बहेरामुड़ा मार्ग केंदा पहुंच मार्ग खोंगसरा आमागोहन मार्ग अमने पहुंच मार्ग के मरम्मत हेतु स्वीकृति प्रदान की गई अटल श्रीवास्तव ने कहा कि सड़क के मरम्मत होने से क्षेत्रवासियों को सुगमता पूर्वक आवागमन में सुविधा होगी।



जर्जर सड़क के निर्माण के लिए कोटा विधायक ने किया था चक्काजाम

#### 110 लाख के निर्माण कार्य स्वीकृत

कोटा विधायक श्री श्रीवास्तव की मांग और प्रयास से ग्राम घोंघा और करगीकला में तीस तीस लाख रुपए के महतारी सदन निर्माण की स्वीकृति मिली है। ग्राम कुसमुली के शिवनगर में गौरव पथ निर्माण के लिए पचास लाख रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि महतारी सदन के निर्माण से महिलाओं को बैठक आयोजन, आवास सहित विभिन्न गतिविधियों के क्रियान्वयन में उचित स्थान और वातावरण प्राप्त होगा जिससे महिलाएं और सशक्त होंगी। ग्राम कुसमुली में पक्की सड़क नहीं होने से ग्रामवासियों को आवागमन में कठिनाई होती है शिवनगर में गौरव पथ के निर्माण होने से ग्रामवासियों सहित क्षेत्रवासियों को सुगमता से आवागमन का लाभ प्राप्त होगा। अटल श्रीवास्तव ने कहा कि कोटा क्षेत्र के विकास के लिए पूरी तरह से संकल्पित होकर प्रयासरत हूं और क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं होगी।



# लावारिस हालत में पड़े सौगान के 10 लट्ठे बरामद

**लोरमी।** वन वविभाग ने रात्रि गस्त के दौरान नदी के किनारे लावारिस हालत में 10 सागौन के लठ्ठे बरामद किया है। वन वविभाग से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को खुड़यिा वन परिक्षेत्र अधिकारी रुद्रा कुमार राठौर को मुखबिर से सूचना मिली कि, चचेड़ी बीट परिसर में तस्कर अवैध कटाई कर नदी के माध्यम से परिवहन करने की फिराक में थे। वन वविभाग की टीम ने सूचना प्राप्त होने पर तत्काल क्षेत्र का भ्रमण किया गया, जिसमें मौके से कुल 10 सागौन के लट्ठे बरामद किए गए। जब्त ईमारती लकड़ी का बाजार मूल्य लगभग डेढ़ लाख बताया जा रहा है। उपरोक्त कार्रवाई वनमंडल अधिकारी अभिनव कुमार के निर्देशन एवं एसडीओ दशांश सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में की गई।

# अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, अवैध निर्माण ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेलतरा

**बेलतरा।** सहायक प्रबंधन छग शिल्प विभाग बोर्ड द्वारा बेलतरा तहसील कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि, शासकीय भूमि खसरा नंबर 492 रब्बा 0833 हेक्टेयर पर संतोष पाटले पिता छेदीलाल पाटले अवैध रूप से कब्जा कर पक्के मकान का निर्माण करा रहा है। उक्त शिकायत पर तहसीलदार ने नोटिस देकर स्पष्ट रूप से अवैध निर्माण न करने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद संतोष पाटले लगातार निर्माण कार्य करा रहा था। मामले में बुधवार को कार्रवाई करते हुए बेलतरा तहसीलदार शशांक शेखर शुक्ला, रतनपुर पुलिस, सरपंच एवं समस्त जनप्रतिनिधि, बांस शिल्प बोर्ड के सदस्यों की उपस्थिति में अवैध मकान निर्माण को तोड़ा गया।

सरपंच सुरेश कश्यप ने बताया कि उक्त जमीन बांस शिल्प परियोजना विभाग को बेलतरा पंचायत की ओर से दी जा चुकी है। चूंकि यह जमीन बांस शिल्प परियोजना के अधिकृत में है, जहां पर अवैध निर्माण फलदार वृक्ष को काटकर किया जा रहा था। इसे बेलतरा तहसीलदार द्वारा सुनवाई कर तोड़ा गया वह जायज व न्याय संगत है।



#### की गई कार्रवाई

शासकीय जमीन पर अतिक्रमण किया गया था, जिसकी सुनवाई कर आज बेदखल किया गया एवं भूमि के अतिक्रमण मुक्त किया गया।

**-शशांक शेखर शुक्ला,**
तहसीलदार

### 80 हजार की चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

**सीपत।** सीपत थाना क्षेत्र के ग्राम सोंठी स्थित सेवा सहकारी समिति मर्यादित में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी गई संपत्ति बरामद कर ली। सोसायटी प्रबंधक प्रहलाद दास वैष्णव ने सीपत थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि, अज्ञात चोरों ने खिड़की तोड़कर समिति कार्यालय से एक नग कंप्यूटर, मॉनिटर, सीपीयू, 2 नग इनवर्टर और एक नग बैटरी कुल कीमती 80 हजार की चोरी कर ली है। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने संदेही चंदन उर्फ भोलू उर्फ बिसनाथिया दास मानिकपुरी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने अपने साथी किशन उर्फ रामू ठाकुर के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार कर लिया। दोनों की निशानदेही पर चोरी गई सम्पत्ति को बरामद कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी चंदन उर्फ भोलू उर्फ बिसनाथिया दास मानिकपुरी 32 वर्ष, किशन उर्फ रामू ठाकुर 28 वर्ष निवासी ग्राम सोंठी डीहपारा को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

**श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलासपुर (छ.ग.)**

**विषय:** नाम संशोधन बाबत शपथ पत्र सत्यापन करने हेतु।

मैं पुरुषोत्तम लाल साहू 59 वर्ष पिता स्व. श्री प्रताप राम साहू निवासी क्वाटर नंबर ए-302, वसंत विहार, लिंगियाडीह, बिलासपुर तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.) का हूँ जो कि मैं वर्तमान में एसईसीएल मुख्यालय में ई एंड टी विभाग में सहायक सुपरवाईजर (लाईन) के पद पर पदस्थ हूँ तथा मेरा कर्मचारी संख्या NSIS No. 24756193 एवं CMPF No. BIP/4/491 है। मेरी सर्विस अभिलेख एवं संबंधित दस्तावेजों में मेरा नाम पुरुषोत्तम लाल दर्ज है। मेरे आधार नंबर 7380 1500 1081 एवं पेन कार्ड नंबर AOQPS3647P जिसमें मेरा नाम पुरुषोत्तम लाल साहू दर्ज है एवं मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में पुरषोत्तम, पुरुषोत्तम लाल एवं पुरुषोत्तम साहू दर्ज है। मेरे सर्विस अभिलेख एवं संबंधित दस्तावेजों में मेरा नाम पुरुषोत्तम लाल साहू दर्ज कराना चाहता हूँ।

अत: महोदय जी से निवेदन है कि मेरे द्वारा आपके समक्ष नाम संशोधन हेतु शपथ पत्र पर सत्यापन करने की महान कृपा करें, ताकि अपने सर्विस रिकार्ड एवं अन्य संबंधित दस्तावेजों में अपना वास्तविक व पूरा नाम दर्ज करा सकूं।

दिनांक: 03/ 09 / 2025

**प्रार्थी - पुरुषोत्तम लाल साहू**
**पता-क्वाटर नंबर ए-302,**
**वसंत विहार, लिंगियाडीह,**
**बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. -9425543834**

# जर्जर हो चुका प्रवेश द्वार बना लोगों के लिए खतरा

**मल्हार।** नगर के गढ़ चौक स्थित जीर्ण हो चुका प्रवेश द्वार डिस्मेंटल के लायक हो गया है, लेकिन स्थानीय प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। स्थानीय लोगों के कहना है कि, बार-बार शिकायत के बावजूद भी प्रवेश द्वार को नही गिराया जा रहा है, मानो प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है।

लोगों ने कहा कि, अभी गणेश उत्सव भी चल रहा है, ऐसे में डीजे या अन्य उपकरणों की तेज ध्वनि से उक्त द्वार के गिरने की सम्भावना है। इसी चौक के आगे ढबहापारा में 6 माह पूर्व डीजे की आवाज से लेंटर की रेलिंग गिरने से मासूम बालक की मौत हुई थी। ऐसे में द्वार को लेकर मोहल्ले वासियों में दहशत का माहौल है। गेट के पास दुकान चलाने वाले अजय कैवर्त का कहना है कि, यहां पर दो गेट बनाए गए थे, जो वर्तमान में अत्यंत ही जीर्ण हो चुका है, और कभी भी भरभराकर गिर सकता है, जिससे बड़ी दुर्घटना भी हो सकती है। इसलिए इन दोनो गेट को तत्काल गिरा देना चाहिए। ढबहापारा और इमलीपारा जाने वाली दोनों सड़को पर यह गेट ऐसे ही वर्षो से जीर्ण अवस्था मे खड़ा है, और इन्हीं मार्गो से सैकड़ों लोग आते जाते रहते हैं। इसके अलावा यहां स्कूल भी है, जहां बच्चे हमेशा खेलते रहते हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि धनेश्वर कैवर्त ने बताया कि, उक्त जीर्ण हो चुके गेट के सम्बंध में सीएमओ को महीनों पहले जानकारी दी जा चुकी है, इसके बावजूद भी






#### तोड़ा जाएगा गेट

जीर्ण हो चुके गेट की शिकायत मिली है। जल्द ही एक दो दिन के अंदर क्रेन मंगाकर गेट को तोड़ा जाएगा।

**- मनीष सिंह, सीएमओ**

# साल्हेघोरी में चाकूबाजी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**लोरमी।** ग्राम साल्हेघोरी में चाकूबाजी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने बताया कि 29 अगस्त को कुत्ते के साथ हुई दुर्घटना पर हुए विवाद के बाद कुछ बदमाशों ने प्रार्थी राजू बंजारे से मारपीट की, जिसमें डिंडौरी चौकी में दर्ज अपराध की विवेचना के दौरान प्राप्त तथ्यों के आधार पर एससी-एसटी एक्ट की धाराओं को अलग से जोड़ा गया है। जानकारी के मुताबिक आरोपियों ने युक के साथ जातिसूचक गाली-गलौच करते हुए मारपीट की थी। इसी क्रम में प्रार्थी जितेन्द्र चेलकर पिता लक्ष्मी नारायण चेलकर उम्र 22 वर्ष साकिन अमलडीही चौकी डिंडौरी ने रिपार्ट दर्ज कराई कि, दिनांक 30 अगस्त को को इसका छोटा भाई तथा भतीजा साहिल, रंजित व मुकेश घूमने ग्राम साल्हेघोरी गए थे, जहां शाम करीब 5-6 बजे साल्हेघोरी निवासी दादू, मनोज यादव, रामपाल उर्फ रामेपाल उनके साथ झगड़ा करने लगे। सूचना पर वह कैलाश, हरीश, जयचंद के साथ ग्राम साल्हेघोरी पहुंचा एवं झगड़ा करने से मना किया। इस पर आरोपियों ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। मामले में धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। बाद में धारा 3(1)(द)(घ) एससी-एसटी एक्ट एवं 191(2), 191(3) बीएनएस की धारा जोड़ी गई। मामले में आगे की कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी रामेपाल निर्मलकर, देवा साहू, व मनोज यादव को गिरफ्तार किया है।



**न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

(समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु)
रा.प्र.क्र.......................ब-121/2025
क्रमांक/288/वाचक/तह./2025
लालपुर थाना दिनांक 03.9.25

सर्वसाधारण/आम जनता ग्राम खपरीडीह को सूचित किया जाता है कि आवेदक जयप्रकाश पति/पिता श्री बारेलाल जाति तेली साकिन खपरीडीह तहसील लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के पिता/माता/पुत्री/पुत्र/दादा/दादी/भाई/बहन पिता बारेलाल आ. श्री झाडूराम के जन्म दिनांक 28.9.2024 ग्राम खपरीडीह को हो जाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय से आदेश हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय में दिनांक 10.9.25 समय प्रातः 11:00 बजे दिन को स्वयं/अपने प्राधिकृत के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03/09/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।

**तहसीलदार**
**लालपुर थाना, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय-श्रीमान दशम अपर जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**
**ज्ञापन**
**नोटिस/समंस**

गोरेलाल मेश्राम ............आवेदक / अपीलार्थीगण विरूद्ध शशांक भिमटे वगैरह उत्तरवादीगण

सिविल अपील क्र.-(A)39/2025, प्रो.क्र.- आदेश दि.-18/08/2025, पेशी ता.-23/10/2025

प्रति-1. शशांक भिमटे पिता स्व. श्यामलाल भिमटे 2. स्वाति भिमटे पिता स्व. श्यामाल भिमटे दोनों निवासी मगरपारा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) 3. मितेश भिमटे पिता स्व. विजय कुमार भिमटे उम्र 29 वर्ष निवासी नागदौने आटा चक्की के पीछे, मगरपारा बिलासपुर थाना सिविल लाईन तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) 4. रमेश कुमार भिमटे उम्र 43 वर्ष पिता स्व.ननकी लाल भिमटे निवासी मगरपारा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) 5. वर्षा ठावरे पति स्व. मुकेश ठावरे उम्र 50 वर्ष 6. सन्नी ठावरे पिता स्व. मुकेश ठावरे उम्र 25 वर्ष 7. अन्नू ठावरे पिता स्व. मुकेश ठावरे उम्र 22 वर्ष तीनो निवासी डीपूपारा वर्मा नर्सिंग होम के पास, तारबाहर बिलासपुर थाना तारबाहर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.), 8. योगेश ठावरे पिता स्व. कन्हैयालाल ठावरे उम्र 20 वर्ष निवासी मगरपारा, आमीर होटल के पास, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) 9. श्रीमती कला बाई पति के. आर.वासनिक (पुत्री स्व. ननकी लाल भिमटे), 10. श्रीमती लीला बाई पुत्री स्व. ननकी लाल 11. देवकुमार गोड़ाने पिता नामालूम उम्र 50 साल। 12. विकल्प गोड़ाने पिता देवकुमार गोड़ाने उम्र 30 वर्ष 13. चित्रवेन गोड़ाने पिता देवकुमार गोड़ाने आयु 27 वर्ष क्रमांक 9 से 13 सभी निवासी मगरपारा चौक, आमीर होटल के पास बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) 14.छ.ग.शासन, द्वारा-जिलाध्यक्ष बिलासपुर (छ.ग.)

आवेदक/अपीलार्थी द्वारा इस न्यायालय में आदेश 41 नियम-01 व्य.प्र. संहिता सहपठित धारा 96 व्य.प्र. संहिता के तहत न्यायालय तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बिलासपुर द्वारा पारित आदेश/निर्णय दिनांक 24.01.2025 से डिक्री दिनांक 27.01.2025 के विरूद्ध अपील प्रस्तुत किया है जिसकी पेशी दिनांक 23/10/2025 को नियत है। आपको इस ईश्तहार / नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक 23/10/2025 को प्रात: 11:00 बजे स्वयं अथवा अपने ऐसे किसी प्लीडर के साथ उपस्थित होवें जिसे प्रकरण के संबंध में सम्यक जानकारी हो, जो आवेदक द्वारा प्रस्तुत वाद का जवाब दे सके, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में मामले की एकतरफा सुनवाई कर अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी कारण वश उक्त दिनांक को न्यायालय में अवकाश घोषित हो या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो अगले कार्य दिवस में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। अस्तु सूचित हों।

आज दिनांक 25/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मोहर लगाकर जारी किया गया।

दिनांक-25/08/25
स्थान-बिलासपुर

**(आदित्य जोशी)**
**दशम अपर जिला न्यायाधीश**
**जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**
**(सेन्ट्रल प्रोसेस फीस सेक्शन के उपयोग हेतु)**

**न्यायालय - श्रीमान तृतीय अपर जिला न्यायाधीश, बिलासपुर (छ.ग.)**
**नोटिस/समंस**

संजय जोशी...वादी दिनेश कुमार शर्मा बनाम प्रतिवादी

प्रक.क्र-1300 ए/2022 प्रो.के.- 244, आदेश दिनांक-6/8/2025, पेशी ता.-22/9/2025

प्रति- 1-श्रीमती गायत्री शर्मा पति स्व. दिनेश कुमार शर्मा उम्र 60 वर्ष, 2- अजय शर्मा पिता स्व. दिनेश कुमार शर्मा उम्र 35 वर्ष 3- आशीष शर्मा पिता स्व. दिनेश कुमार शर्मा उम्र 32 वर्ष 4- श्वेता शर्मा पिता स्व. दिनेश कुमार शर्मा उम्र 40 वर्ष सभी निवासी ग्राम नया सरकण्डा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

इस न्यायालय में वादी के द्वारा स्व. दिनेश कुमार शर्मा के निधन के पश्चात विधिक उत्तराधिकारी के रूप में आप लोगों का नाम जोड़े जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है जिसकी पेशी दिनांक 22/9/2025 को नियत है। आपको इस इश्तहार / नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक 22/9/2025 को प्रात: 11:00 बजे स्वयं अथवा अपने ऐसे किसी प्लीडर के साथ उपस्थित होवें जिसे प्रकरण के संबंध में सम्यक जानकारी हो, जो वादी द्वारा प्रस्तुत वाद का जवाब दे सके, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में मामले की एकतरफा सुनवाई कर अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारण वश उक्त दिनांक को न्यायालय में अवकाश घोषित हो या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हों तो अगले कार्य दिवस में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। अस्तु सूचित हो।

आज दिनांक 11/8/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मोहर लगाकर जारी किया गया।

**(श्रीमती किरण त्रिपाठी)**
**तृतीय जिला न्यायाधीश**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**(सेन्ट्रल प्रोसेस फीस सेक्शन के उपयोग हेतु)**

**आम सूचना**

मैं अपने कार्यार्थी संदीप कौशिक पिता राजकुमार कौशिक निवासी-सीपत, तहसील - सीपत, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) की ओर से अधिकृत होकर उनके निर्देशानुसार निम्नाशय की सूचना प्रकाशित करता हूँ कि ग्राम-सीपत, प.ह.नं. 04, रा.नि.मं.-सीपत, तहसील-सीपत, स्थित महाल नं. 04 की भूमि ख. क्र. 771/1, 776, 778 एवं 822 रकबा क्रमशः 0.020 हे., 0.036 हे., 0.016 हे. एवं 0.101 है योग खसरा 04 योग रकबा 0.173 हे. भूमि के संयुक्त भूमि स्वामी धनसिंह पिता स्व. सोनूराम, संजय पिता देवसिंह एवं चन्द्रकली पति स्व. देवसिंह निवासी ग्राम-जांजी के सहस्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमियों को विक्रेतागण की परस्पर सहमति से मेरा पक्षकार क्रय करने का पक्का सौदा कर दिनांक 25-12-2024 को अग्रिम धनराशि 1,00,000/- (एक लाख रूपये) दे दिया है। शेष प्रतिफल राशि विक्रय पत्र निष्पादन के समय प्रदान किया जावेगा, विक्रय पंजीयन निकट भविष्य में होना सुनिश्चित है।

यदि जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/ निकाय को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो सात दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने वैध प्रतिनिधि अधिवक्ता के माध्यम से दस्तावेज सहित आपत्ति कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चातवर्ती आपत्ति अग्राह्य, अमान्य एवं अवैध मानी जावेगी। अस्तु सूचना से अवगत ।

**भवदीय**
**(उर्विजेशोर्मिला कांत कौशिक)**
**अधिवक्ता, सीपत**
**मो.नं.: 9993646657**

**न्यायालय कार्यपालिक दंडाधिकारी तखतपुर जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. /2024-25
ग्राम लाखासार, प.ह.न. 32

**ईश्तहार**

राजकुमार राजपूत **बनाम** छ.ग. शासन

एतद् द्वारा आवेदक राजकुमार राजपूत पिता रामजी जाति लोधी, निवासी ग्राम लाखासार, तहसील तखतपुर, जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा अपनी मां मुनिया पति रामजी का मृत्यु दिनांक 15/04/1994 को ग्राम लाखासार में होने और अपनी मां का मृत्यु प्रमाण पत्र पूर्व में नहीं बनवा पाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त मृत्यु प्रमाण पत्र के संबंध में मेरे न्यायालय में दिनांक 05/9/2025 को दिन 10:30 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें, अनुपस्थि रहने पर आप लोगों के विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।

आज दिनांक 28/8/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दंडाधिकारी**
**तखतपुर**

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल सामान्य आवास अभिलाषा परिसर तिफरा बिलासपुर में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक एच.आई.जी.। डी.-48 आकाश मूल आबंटी श्री काशिफ शकील पिता श्री चौधरी मोहम्मद शकील के नाम पर आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 02.05.2014 को पंजीकृत किया गया है। आबंटी अपने उक्त भवन को श्री अशोक कुमार झा पिता श्री काशी नाथ झा को विक्रय करना चाहते हैं। जिसके लिए विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/ अर्द्धशासकीय /वित्तीय संस्था / बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**
**//ईश्तहार//**
क्रमांक/क/अति.तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 28/08/2025

ग्राम मंगला के सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम मंगला प.ह.नं.35 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 98/23 रकबा 1202 वर्ग. हेक्टेयर/ एकड़ भूमि छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115, 116 के तहत सहखातेदार नाबालिग से बालिग होने पर अपने नाम पर अभिलेख दुरुस्ती के लिए श्री गोवर्धन प्रसाद कुर्रे आ.बन्टू कुर्रे निवासी मंगला द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की आपत्ति /दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 09/09/2025 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति /दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 28/08/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना का खण्डन**

मैं अपने पक्षकार प्रकाश राव मराठा की ओर से अधिकृत होकर संजय जोतवानी पिता स्व. परसराम जोतवानी निवासी-हेमूनगर चन्द्रा चौक के पास बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा दैनिक समाचार पत्र, हरिभूमि में दिनांक 02/09/2025 को प्रकाशित कराये गये आम सूचना का खण्डन प्रकाशित करा रहा हूं। मेरे पक्षकार की मौजा तोरवा, प.ह.नं.-37 स्थित खसरा नंबर 859/4 एवं खसरा नंबर 859/5 रकबा 0.0160 हेक्टे. भूमि के संबंध में संजय जोतवानी से कोई सौदा नहीं हुआ है, न ही मेरे पक्षकार ने किसी प्रकार की बैनामे की राशि उनसे प्राप्त की है। संजय जोतवानी के द्वारा उक्त आम सूचना में किये गये कथन पूर्णतः असत्य, झूठे एवं मनगढ़ंत है। मेरा पक्षकार उपरोक्त वर्णित संपत्ति का स्वामित्वधारी है तथा उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार के अंतरण, उपयोग, उपभोग करने के लिये स्वतंत्र है। इस प्रकार संजय जोतवानी के द्वारा दिनांक 02/09/2025 को कराये गये आम सूचना पूर्णत: भ्रामक है तथा उनके उक्त झूठे आम सूचना प्रकाशन के विरूद्ध मेरा पक्षकार आवश्यक सक्षम कानूनी कार्यवाही करेगा। सो सूचना का खण्डन जानें।

दिनांक-04/09/2025 बिलासपुर (छ.ग.)

**भवदीय**
**सूर्यकांत शर्मा, अधिवक्ता**
**पत्ता-श्रीविहार सरकंडा बिलासपुर,**
**जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.नं.-7999284808**

**न्यायालय तहसीलदार सरगांव, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र./202504251000009
/अ-6/2024-25
ग्राम-नगपुरा, प.ह.नं. 17

दैनिक समाचार-पत्र के माध्यम से नोटिस

प्रति, 1. राजकुमारी पिता स्व. दशरथ जाति सतनामी, ग्राम बिटकुली तहसील बिल्हा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) वास्ते मु.आम श्री गोल्डी पंजवानी पिता मुरलीधर पंजवानी जाति सिंधी, निवासी वार्ड क्र. 01 बिल्हा, थाना व तहसील बिल्हा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
2. प्रद्युमन कुमार पिता दयादीन 3. राजकुमार पिता दशरथ 4. रामू पिता स्व. दशरथ स.क्र. 2से 4 तक जाति सतनामी निवासी ग्राम नगपुरा, तहसील सरगांव, जिला मुंगेली (छ.ग.)
..........अनावेदकगण

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति कविता अग्रवाल पति श्री मोहन अग्रवाल, जाति अग्रवाल, निवासी ग्राम मेन रोड पिथौरा, पोस्त व तहसील-पिथौरा, जिला-महासमुंद (छ.ग.) के द्वारा ग्राम नगपुरा, प.ह.नं. 17, तहसील-सरगांव, जिला-मुंगेली (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नम्बर 4/26, रकबा 0.02830 हेक्टेयर भूमि एवं खसरा नम्बर 4/4 रकबा 0.2020 हे. भूमि को आवेदिका के द्वारा पंजीकृत बैनामा के आधार पर उप पंजीयक मुंगेली में दिनांक 14/06/2010 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में अनावेदकगण के नाम पर ही दर्ज है, जिसे आवेदिका अपने नाम पर रिकार्ड दुरूस्त किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें आगामी सुनवाई दिनांक 10/09/2025 को नियत है। अत: इस न्यायालय में उक्त तिथि को प्रात: 11 बजे उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की स्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 29/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**तहसीलदार, सरगांव तहसील सरगांव**

## खबर संक्षेप

### केशरवानी समाज आज मनाएगा महर्षि कश्यप की जयंती

**लोरमी।** केशरवानी वैश्य समाज के द्वारा 4 सितंबर गुरुवार को महर्षि कश्यप की भव्य शोभा यात्रा व रैली का आयोजन स्थानीय सीता पैलेस में दोपहर 1 बजे से किया जा रहा है। इस अवसर पर पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण भी होगा। कार्यक्रम में शामिल होने सभी स्वजातीय बंधुओं से अपील की गई है। उक्त जानकारी अध्यक्ष परमेश्वर गुप्ता ने दी।

### एबीवीपी ने की फास्टरपुर महाविद्यालय में तालाबंदी



**सेतगंगा-मुंगेली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने नवीन शासकीय महाविद्यालय फास्टरपुर के समस्याओं को लेकर महाविद्यालय में तालाबंदी की। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बताया कि महाविद्यालय में प्रवेश पत्रिका के शुल्क को 100 से 150 रुपए कर दिया गया है। इसके बढ़ाने का शासन से कोई आदेश नहीं आया है, फिर भी महाविद्यालय प्रशासन ने अपनी मर्जी से शुल्क वृद्धि की। साथ में महाविद्यालय की बहुत सारी समस्याओं पर भी विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने नजर डाली। महाविद्यालय में पुस्तकों की कमी एवं शिक्षकों की कमी की बात भी छात्र-छात्राओं ने बताई। यह भी जानकारी मिली कि, महाविद्यालय में उचित बाइक स्टैंड न होने के कारण महाविद्यालय में विद्यार्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही विद्यार्थियों ने बताया कि, पीने के पानी की भी व्यवस्था नहीं है एवं बैठने के लिए टेबल कुर्सियों की भी समस्या है है। तालाबंदी होने पर मुंगेली तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर विद्यार्थियों की बात सुनी और समस्याओं के जल्द से जल्द निराकरण करने की बात की।

### प्रधानमंत्री आवास योजना के नए डीपीआर का भूमिपूजन



**करगीरोड कोटा।** नगर के वार्ड नंबर 9 में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नए डीपीआर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के तहत आवास निर्माण हेतु भूमिपूजन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष सरोज दुर्गेश साहू ने विधिवत भूमिपूजन कर कार्य की शुरुआत की। अध्यक्ष ने कहा कि, प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य हर जरूरतमंद परिवार को पक्का मकान उपलब्ध कराना है। इस योजना से वार्ड के सैकड़ों परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा और उन्हें अपने घर का सपना साकार करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में स्थानीय पार्षद, नागरिक व लाभार्थी परिवार बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### भाजपा ने दी विनय को बड़ी जिम्मेदारी

**लोरमी।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के आव्हान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक पार्टी ने पूरे देश भर में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के आयोजन की योजना बनाते हुए प्रदेश एवं जिला स्तर पर संयोजक एवं सहसंयोजक की घोषणा की है। इसी क्रम में मुंगेली भाजपा जिलाध्यक्ष



दीनानाथ केशरवानी ने प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन पर लोरमी भाजपा के वरिष्ठ नेता विनय साहू को जिला संयोजक की जिम्मेदारी सौपी है। इस अवसर पर विनय साहू ने सेवा ही संगठन का मंत्र है, और सेवा ही हमारा संकल्प है। इस उद्देश्य को लेकर पूरे जिले भर में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत पौधरोपण, स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान, शिक्षा सहयोग, गरीब व वंचित वर्ग की मदद कार्य जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने बात उन्होंने कही।

#### मांगें स्वीकार होने तक हड़ताल जारी रखने की चेतावनी

# एनएचएम कर्मचारियों ने भीख मांग कर किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल के आज 17वें दिन 'मोदी की गारंटी खोजो' अभियान चलाकर भीख मांग कर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही संविदा कुप्रथा का पुतला बनाया और अपनी मांगों को लेकर पुतला दहन किया।

विरोध प्रदर्शन करते हुए स्वास्थ्यकर्मियों ने सरकार को जगाने का प्रयास किया। एनएचएम संघ के संविदा कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर अलग-अलग रचनात्मक तरीकों से विरोध कर सरकार का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश कर रहे है। अब कर्मचारियों का धैर्य जवाब दे चुका है, और जब तक उनकी मांगों को लिखित मे स्वीकार नहीं किया जाता, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। एनएचएम संघ के पवन निर्मलकर, अमित दुबे, जितेन्द्र गौचंद, राजकुमार साहू, शैलेन्द्र पाण्डेय, मनीष गुप्ता, डॉ अखिलेश बंजारे, डॉ मीनाक्षी



संविदा प्रथा का पुतला दहन करते स्वास्थ्यकर्मी।

बंजारे, डॉ विजय लक्ष्मी पाण्डेय, डॉ मोनिका कुर्रे ने बताया कि, वे नियमितीकरण सहित कुल 10 मांगों को लेकर विगत 18 अगस्त से हड़ताल पर हैं, लेकिन अब तक राज्य सरकार की ओर से कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई है। एनएचएम संविदा कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल के तहत जिला मुख्यालय में अपने आंदोलन को और तेज करते हुए अपनी मांगों को लेकर सरकार की उदासीनता के खिलाफ अनोखे अंदाज में प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने शहर की सड़कों पर उतरकर लोगों से भीख मांग कर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान बाजार में मौजूद आम जनता, व्यवसायियों ने उनके संघर्ष को समझते हुए समर्थन जताया और भीख स्वरूप कर्मचारियों को पैसे दिए। विरोध प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने नागरिकों से मिली भीख की राशि को राज्य सरकार के कोष में जमा कराने की बात करते हुए तंज कसा एवं कहा कि शायद इससे उन्हें नियमितीकरण का तोहफा दिया जा सके एवं अन्य लंबित मांगों को भी पूरा किया जा सके। साथ ही एनएचएम के प्रदर्शनकारियों ने संविदा कुप्रथा का पुतला बनाया और अपनी मांगों को लेकर पुतला दहन किया। इस अवसर पर मेघा श्याम, प्रिया कश्यप, ज्योति साहू, दुर्गा चौधरी, सुषमा बिंझवार, रेशमा वर्मा, साक्षी भोई, सीमा ठाकुर, नरबदिया ध्रुव, सारिता कांत, रीना, सुनीता सिंह, सीमा लहरे, सुमेध कुजूर, सुषमा पाण्डेकर टिकेश्वरी, नेहा, ज्योति, ललिता, स्मिता, शिखा, रीना, मनीषा, गायत्री, नागेश, अरुण कोठारी, रमाकांत, संतोषी, प्रकाश चंद्र यादव, भावेश, ओम साहू, शैलेश पिटर, संतोष, अवि, गोविन्द, संदीप मसीह, राहुल, धीरज, उत्तम, अमिताभ, रितेश, बलराम, वैभव, सचिन, दुर्गा सहित समस्त संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अवैध कनेक्शन के लिए युवक को खंभे पर चढ़ाया, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

अवैध बिजली कनेक्शन लेने की कोशिश एक युवक के लिए मौत का सबब बन गई। जुलाई 2024 में ग्राम उच्चभट्ठी निवासी सतीश सूर्यवंशी 24 वर्ष की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई थी। जांच पूरी होने के बाद सीपत पुलिस ने मामले में आरोपी कैलाश सूर्यवंशी 35 वर्ष पिता जीवनलाल सूर्यवंशी निवासी उच्चभट्ठी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सीपत थाना प्रभारी गोपाल सतपथी से मिली जानकारी के अनुसार, घटना के दिन आरोपी कैलाश सूर्यवंशी ने मृतक सतीश को बिना किसी सुरक्षा उपकरण के बिजली का काम करवाने के लिए बिजली खंभे पर चढ़ा दिया। सतीश बिजली का काम नहीं जानता था, लेकिन आरोपी ने उसे जबरन अवैध कनेक्शन लेने हेतु सीढ़ी लगाकर ऊपर चढ़ा दिया। इस दौरान युवक करंट की चपेट में आ गया और खंभे से गिरकर उसकी मौके पर ही मौत



हो गई। घटना की मर्ग जांच के दौरान गवाहों और मृतक परिजनों के बयान लिए गए। विद्युत विभाग से भी तकनीकी जानकारी मिलने के बाद यह साफ हुआ कि आरोपी की लापरवाही और अवैध कनेक्शन का प्रयास ही मौत का कारण बना। इस पर आरोपी कैलाश सूर्यवंशी के विरुद्ध धारा 106(1) भारतीय न्याय संहिता एवं धारा 135 विद्युत अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया गया। सीपत पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर 2 सितंबर 2025 को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

### चक्काजाम, सरपंच सहित अन्य पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** 13 वर्षीय बालक की हत्या के मामले को लेकर नेशनल हाइवे में चक्काजाम करने वाले सरपंच सहित अन्य लोगों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। 31 जुलाई को रतनपुर क्षेत्र के ग्राम भरारी निवासी चिन्मय सूर्यवंशी 13 साल की गांव के छत्रपाल सूर्यवंशी 19 साल ने गला दबाकर हत्या कर दी थी। परिजनों व ग्रामीणों ने छत्रपाल सूर्यवंशी व उसके माता पिता भाई के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर नेशनल हाइवे में चक्काजाम कर दिया। पुलिस ने करैहापारा निवासी रामेश्वर पटेल की रिपोर्ट पर भरारी के सरपंच विनय शुक्ला, धनंजय सूर्यवंशी, संजय सूर्यवंशी, कल्पना सूर्यवंशी एवं अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 126, 190 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

## नाटक व रैली रैली के माध्यम से दिया नेत्रदान का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

तक्षशिला स्कूल जोंधरा में नेत्रदान पखवाड़ा के अवसर पर नुक्कड़ नाटक एवं रैली का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक मनोज सिन्हा एवं जिला संघटक कांति अंचल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर एवं आस-पास के क्षेत्रों में रैली निकालकर तथा पोस्टरों के माध्यम से लोगों को नेत्रदान के प्रति जागरूक किया गया।

नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर विद्यार्थियों ने समाज में नेत्रदान की आवश्यकता और महत्व को प्रभावी ढंग से उजागर किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य पुनेस कुमार



पटेल, कार्यक्रम अधिकारी पूरन सिंह ठाकुर, शिक्षक राजेश कुमार यादव, हेतराम पटेल, देव पटेल, मोतीराम कश्यप, सीमा साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय के छात्र-छात्राओं में कुंती पटेल, पायल पटेल, चंचल पटेल, चांदनी पटेल, रीमा पटेल, योगिता, प्रतीक्षा, चंदेल, गीता, निशा, साहिल, सूर्यकांत, शिवकुमार, अमित, हरकुमारी, कामिनी, रिंकी सहित अनेक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नेत्रदान जैसे सामाजिक सरोकार से जुड़े इस आयोजन ने सभी उपस्थित जनों को गहराई से प्रभावित किया और भविष्य में नेत्रदान के संकल्प को मजबूत किया।

## गणेश विसर्जन एवं ईद को लेकर शांति समिति की बैठक

**मुंगेली।** जिले में आगामी दिनों में होने वाले गणेश विसर्जन एवं ईद पर्व को शांति एवं सौहार्द्रपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने हेतु जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी ने की। उन्होंने कहा कि, जिले में छोटे गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन 6 सितंबर को तथा बड़े-बड़े गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन 7 सितंबर को किया जाएगा। विसर्जन यात्रा के दौरान प्रशासन की ओर से विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। श्रीमति पाण्डेय ने कहा कि पुलिस बल, नगर पालिका व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम चौक-चौराहों पर तैनात रहेगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि, विसर्जन यात्रा के दौरान डीजे एवं साउंड



शांति समिति की बैठक में जनप्रतिनिधि।

सिस्टम का संचालन निर्धारित समय-सीमा व ध्वनि सीमा के अंतर्गत ही किया जाएगा। धार्मिक यात्रा के मार्गों को पहले से साफ-सफाई कर दुरुस्त किया जाएगा, तथा यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस की विशेष टीम मुस्तैद रहेगी। इसी तरह ईद पर्व पर भी लोगों से अपील की गई कि, वह आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ पर्व मनाएं। प्रशासन ने कहा कि, ईद की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए मस्जिदों एवं ईदगाह के आसपास विशेष प्रबंध कए जाएंगे।

## गणेश पंडालों में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़



गणेश पूजा में शामिल श्रद्धालुजन।

**मुंगेली।** नगर में इस वर्ष धूमधाम से गणेश उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष गणेश की आकर्षक मूर्तियां विराजित की गई है। घरों एवं व्यावसायिक संस्थानों के अलावा पंडालों में भगवान गणेश की स्थापना कर श्रद्धालुजन पूजा-अर्चना कर रहे हैं।

नगर में स्थापित आकर्षक गणेश प्रतिमाओं का दर्शन के लिये भक्तों की भीड़ देखी जा रही है। नगर में लगभग 40 स्थानों पर गणेश की छोटी-बड़ी प्रतिमाओं का स्थापना कर श्रद्धालुजन पूजा अर्चना में जुटे हुए हैं। युवा वर्ग सुबह-शाम आरती के समय एकत्र होकर सामूहिक रूप से पूजा अर्चना कर रहे हैं। अनंत चतुर्दशी के साथ ही हवन पश्चात गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन प्रारंभ हो जाएगा। नगर के प्रमुख स्थान पुराना बस स्टैंड, बड़ा बाजार, महामाया चौक सोनारपारा, दाउपारा, मलाई घाट में भगवान गणेश की आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। पंडालों की विशेष सजावट, झांकियां भक्तों को आकर्षित कर रही हैं।

## सोंटी सोसायटी में चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

**सीपत।** सीपत थाना क्षेत्र के ग्राम सोंठी स्थित सेवा सहकारी समिति मर्यादित में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी गई संपत्ति बरामद कर ली। सोसायटी प्रबंधक प्रहलाद दास वैष्णव ने सीपत थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि, अज्ञात चोरों ने खिड़की तोड़कर समिति कार्यालय से एक नग कंप्यूटर, मॉनिटर, सीपीयू, 2 नग इनवर्टर और एक नग बैटरी कुल कीमती 80 हजार की चोरी कर ली है। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने संदेही चंदन उर्फ भोलू उर्फ बिसनाथिया दास मानिकपुरी को हिरासत में



पुलिस के गिरफ्तार दोनो

लेकर पूछताछ की। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने अपने साथी किशन उर्फ रामू ठाकुर के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार कर लिया। दोनों की निशानदेही पर चोरी गई सम्पत्ति को बरामद कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी चंदन उर्फ भोलू उर्फ बिसनाथिया दास मानिकपुरी 32 वर्ष, किशन उर्फ रामू ठाकुर 28 वर्ष निवासी ग्राम सोंठी डीहपारा को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## जामवाल व साय से मिले सोनार समाज महासभा के पदाधिकारी

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ राज्य में स्वर्ण एवं रजत कला बोर्ड के गठन हेतु सोनार समाज महासभा के पदाधिकारियों ने भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश के संगठन महामंत्री पवन साय से भेंट मुलाकात कर सोना चांदी के आभूषण बनाने वाले कारीगरों की दशा एवं दिशा सुधारने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य में स्वर्ण एवं रजत कला बोर्ड गठन की मांग की।

छत्तीसगढ़ में सोना चांदी के आभूषण बनाने वाले कारीगरों की दशा और दिशा सुधारने हेतु स्वर्ण रजत कला बोर्ड का गठन अत्यावश्यक है। छत्तीसगढ़ सोनार समाज महासभा पंजीकृत सोसायटी के पदाधिकारियों ने भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल एवम छत्तीसगढ़ प्रदेश के




पवन साय से मुलाकात करते पदाधिकारी।

संगठन महामंत्री पवन साय से भेंट मुलाकात की। छत्तीसगढ़ सोनार समाज महासभा के पदाधिकारियों दोनों नेताओं से मुलाकात कर आग्रह किया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने जिस तरह से साहू समाज, कुम्हार समाज, सेन समाज, लोहार समाज व अन्य समाज के परंपरागत कार्य को प्रोत्साहन देने हेतु बोर्ड का गठन किया है। इस संबंध में चर्चा करते हुए छत्तीसगढ़ सोनार समाज महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मनहरण लाल सोनी, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष परमेश्वर स्वर्णकार ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में स्वर्ण एवं रजत कला बोर्ड के गठन होने से सोनार समाज के कारीगरों को रोजगार एवं प्रशिक्षण का समुचित अवसर प्राप्त होगा। भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा कि, इस विषय पर संगठन की ओर से मुख्यमंत्री से आवश्यक चर्चा की जाएगी। ज्ञापन सौंपने वालों में मनहरण लाल सोनी, परमेश्वर स्वर्णकार, बोधी लाल सोनी, ध्रुव कुमार सोनी, कृष्ण कुमार सोनी, दिनेश कुमार सोनी, कन्हैया लाल सोनी, देवनाथ सोनी, संतोष कुमार सोनी, धर्मेन्द्र कुमार सोनी, सूर्यकांत सोनी, छबि लाल सोनी, ललित कुमार सोनी, पुनीत शेखर स्वर्णकार, मनोज कुमार सोनी, राधे श्याम सोनी आदि मौजूद थे।

42वीं पुण्यतिथि

भक्ति आपने की, पुण्य हमें दिया, संघर्ष आपने किया, सुख हमें दिया।
कर्म आपने किए, फल हमें दिया, देना ही आपके जीवन का मूल मंत्र था...



दानवीर स्व. श्री रामलाल साव
संस्थापक-भवानी साव रामलाल साव धर्मादा ट्रस्ट, मुंगेली

आज आपके 42वीं पुण्यतिथि पर
अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं...

श्रद्धानवत्
डॉ. विनय गुप्ता
अध्यक्ष/मैनेजिंग ट्रस्टी
भवानी साव रामलाल साव धर्मादा ट्रस्ट, मुंगेली

## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 904 मि.मी. बारिश दर्ज

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले में चालू खरीफ मौसम में अब तक 904 मिमी बारिश दर्ज की गई है। जो कि पिछले 10 वर्ष के औसत बारिश 879.6 मिमी से 24.4 मिमी अधिक है। अधीक्षक भू अभिलेख के अनुसार सबसे अधिक बारिश 1126.6 मिमी बेलगहना तहसील में और सबसे कम बारिश 718 मिमी कोटा में रिकार्ड की गई। इसी प्रकार बिलासपुर तहसील में 1032.5 मिमी, बिल्हा तहसील में 795.3 मिमी, मस्तूरी में 812.8 मिमी, तखतपुर में 1111.8 मिमी, सीपत में 861 मिमी, बोदरी में 801.4 मिमी, बेलतरा में 846 मिमी, रतनपुर में 922.2 मिमी, सकरी में 981.6 मिमी और पचपेड़ी तहसील में 831.8 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1202.3 मिमी है।

### छात्रा से अनाचार युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** भिलाई की छात्रा शहर लाकर ओयो होटल में अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, भिलाई की रहने वाली एक लड़की ने रिपोर्ट लिखाई। बोदरी परमेश्वर यादव पिता मल्लू यादव 20 साल भिलाई में रहकर पढ़ाई कर रहा था। इसी दौरान उनके बीच दोस्ती हो गई। इसी बीच युवक लड़की को घुमाने के लिए शहर लेकर आया और महाराणा प्रताप चौक स्थित ओयो होटल में ले जाकर शादी करने का आश्वासन देकर शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद वह लगातार दैहिक शोषण कर रहा था। लड़की ने शादी करने का दबाव बनाया तो उसने इनकार कर दिया। लड़की ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। एएसआई राजेशधर दीवान ने बोदरी में दबिश देकर आरोपी मरमेश्वर यादव को गिरफ्तार कर लिया है।

### 11 साल से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने 11 साल से मारपीट के मामले में फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार को तारबाहर पुलिस को सूचना मिली, मारपीट के मामले में 11 साल फरार स्थाई वारंटी इमलीपारा निवासी मनोज तिवारी पिता ललित तिवारी 54 साल पुराना बस स्टैण्ड में घूम रहा है। प्रधान आरक्षक प्रमोद कसेर ने पुराना बस स्टैण्ड में दबिश देकर मनोज तिवारी को गिरफ्तार कर लिया है। वारंटी मूलतः रीवा सतना का रहने वाला है और शहर छोड़कर फरारी काट रहा था।

### मनियारी नदी में युवक बहा, तलाश जारी

**बिलासपुर।** बाजार से लौटते समय एनीकट में पानी का बहाव तेज होने पर पैर फिसलने से एक युवक मनियारी नदी में बह गया। पुलिस व एसडीआरएफ की टीम युवक के तलाश कर रही है। बिल्हा टीआई उमेश साहू ने बताया, ताला अमेरीकांपा निवसी बैठमार निषाद पिता मालिकराम निषाद 27 साल बुधवार की शाम मनियारी बाजार खरीददारी करने गया था। शाम को खरीददारी करने के बाद एनीकट पार कर रहा था। इसी दौरान अचानक पानी का बहाव तेज हो गया। वह किसी तरह पैदल चलते हुए एनीकट पार करने की कोशिश कर रहा था। पानी का बहाव अधिक होने से पैर फिसलने से मनियारी नदी में गिरकर वह बह गया। युवक को नदी में गिरते देख लोगों ने शोर मचाया, जिससे लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। पानी का बहाव अधिक होने से कोई नदीं में नहीं उतर पा रहा था। सूचना पर पुलिस व एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई। देर रात तक एसडीआरएफ की टीम नदी में उतरकर युवक की तलाश में लगी।




# यहां पैदल चलना भी मुश्किल

**बिलासपुर।** करीब 15 करोड़ खर्च कर बनाईं गई शहर की सड़कें उखड़ने लगीं हैं। इसमें निगम की 4 तो पीडब्ल्यूडी की 10 सड़कें शामिल हैं। लगभग सभी सडकें गड्डों से भरी हैं कुछ जगहों पर सड़क से गिट्टी निकलने लगी है। इन उधड़ी सड़कों पर चलने से परेशानी हो रही है। अब अधिकारियों का कहना है कि जहां शिकायत मिल रही है वहां पेंचवर्क कराया जा रहा है। मिट्टी-गिट्टी डाली जा रही है। सड़कों की ठीक से मरम्मत का काम 15 अक्टूबर के बाद ही हो सकेगा। साफ है तब तक लोगों को परेशान होना पड़ेगा। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने भी टीएल की बैठक में इस बारे में निर्देश दिया है। सबसे खराब हालत गांधी चौक से कोतवाली वाली सड़क की है। यहां बाइक तो क्या पैदल चलना तक मुश्किल है। हर कदम पर गड्ढे हैं। दो दिनों से हो रही इस बारिश ने इन गड्डों में पानी भर दिया है। इससे परेशानी और बढ़ गई है। गड्डे दिखाई नहीं पड़ते और इसमें गिरकर दुर्घटना भी हो रही है। खास तौर पर हटरी चौक से लेकर गांधी चौक तक की हालत तो और खराब है। यहां के व्यापारी भी परेशान हैं। व्यापारियों का कहना है कि सड़क खराब होने से व्यापार पर भी असर पड़ रहा है। सड़क बनाने की मांग कई बार निगम और पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से की गई लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है। कई बार रिक्शा और आटो रिक्शा पलट चुके हैं। दोपहिया सवार तो रोज ही गिर रहे हैं और चोटिल हो रहे हैं।

### बारिश ने खोल दी दावों की पोल

ध्यान रहे कि गुणवत्ता के लाख दावों के बीच कहा गया था सड़कें जल्दी खराब नहीं होंगी लेकिन ऐसा हुआ नहीं। करोड़ों में बनी सड़कें बारिश नहीं झेल सकी। सड़कों पर डामर के नाम पर केवल पोताई की गई। बेस मजबूत नहीं किया गया और हाल यह रहा कि सड़कें उधड़ने लगीं। देखा जाए तो बिलासपुर शहर भले ही स्मार्ट सिटी की राह पर हो, लेकिन इस बारिश ने इसका एक तरह से मुखौटा उत्तार दिया है। शहर की दस से ज्यादा मुख्य मार्गों की सड़के गड्ढ़ों से भरी पड़ी है।

# खूंटाघाट लबालब, फिर से चल रहा वेस्ट वियर

## 16 जुलाई से प्रारंभ हुआ था वेस्ट वियर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दो दिनों की तेज बारिश के बाद खारंग जलाशय खूंटाघाट एक बार फिर लबालब हो चुका है, जिससे बांध से वेस्ट वियर की स्थिति निर्मित हो चुकी है। बांध में इस साल 16 जुलाई को पहली बार वेस्ट वियर प्रारंभ हुआ था, जिसके बाद विभाग द्वारा दोनों तटनहर के गेट खोल दिए गए थे। तेज बारिश के प्रभाव से बांध में फिर 103 प्रतिशत जलभराव के बाद अब दूसरी बार वेस्ट वियर प्रारंभ हुआ है।

इस साल बारिश का मौसम न केवल जल संसाधन विभाग, बल्कि पूरे जिले के लिए काफी अच्छा साबित हुआ। खारंग जलाशय के एक ही सीजन में कई बार लबालब होने व लगातार डेढ़ महीने तक वेस्ट वियर की स्थिति को इसके पीछे कारण माना जा सकता है। इस साल समय से पहले मानसून आ जाने व पर्याप्त बारिश होने के कारण खूंटाघाट बांध में पर्याप्त जलभराव हो गया व वेस्ट वियर की स्थिति निर्मित हुई। विभाग के अनुसार जलाशय में 16 जुलाई को पहली बार वेस्ट वियर प्रारंभ हुआ था। विभाग द्वारा वेस्ट वियर के साथ-साथ पानी को दोनों तटनहरों के माध्यम से भी बहाने का किसान हित में बेहतरीन निर्णय लिया गया, जिसका धान की फसल के लिए पानी चाहने वाले किसानों को भरपूर लाभ भी मिला। इधर जिले में रविवार रात से प्रारंभ हुई बारिश ने सोमवार रात तक अपना खासा असर दिखाया, जिससे जलाशय में फिर 103 प्रतिशत जलभराव की स्थिति निर्मित होने के बाद वेस्ट वियर प्रारंभ हो चुका है। विभागीय जानकारी के अनुसार 16 जुलाई से लेकर आज दिनांक तक इस साल केवल दो दिनों के लिए ही जलाशय से वेस्ट वियर बंद हुआ था, लेकिन अब दूसरी बार पुनः यही स्थिति निर्मित हो गई है। यह जिले के लिए सुखद स्थिति कही जा सकती है।

- **दो दिनों की लगातार बारिश का असर**



### चालू हो गया है वेस्ट वियर

इस साल 16 जुलाई को पहली बार बांध से वेस्ट वियर प्रारंभ हुआ था, तब से अब तक लगातार वेस्ट वियर चल ही रहा था। इस दौरान केवल दो ही दिनों का गैप आया था, लेकिन बीते दो दिनों से हुई तेज बारिश के बाद बांध फिर लबालब हो चुका है व दूसरी बार वेस्ट वियर प्रारंभ हो चुका है।

-**मधु कुमार चंद्रा,** ईई, खारंग जलसंसाधन संभाग

## भिलाई की ठेका कंपनी पर बैंक गारंटी की राशि जब्त करने की कार्रवाई भी निगम ने की

# 5 साल से अटकी पड़ी 35 करोड़ की योजना का टेंडर निरस्त, अब बनेंगे 700 मकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गटर बने तालापारा के मिनीमाता तालाब और मेढ़ के चारों ओर बेजा कब्जा में बनी झुग्गियों की हालत बदलने स्मार्ट सिटी ने 35 करोड़ की योजना 5 साल पहले बनाई गई। इसके लिए वर्क ऑर्डर भी जारी हो चुका था, लेकिन अब इसका टेंडर निरस्त कर दिया गया है। अब निगम ने यहां नई योजना लांच की है। यहां अब मकान साझेदारी में किफायती आवास (एएचपी) के तहत बनाए जाएंगे। निगम ने इस का प्रस्ताव बनाते हुए शासन के पास भेजा है। ध्यान रहे कि एएचपी अफोर्डेबल हाउसिंग इन पार्टनरशीप है। यह केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाय) के तहत एक घटक है। इस योजना के तहत, सार्वजनिक और निजी एजेंसियां मिलकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए किफायती घर बनाती हैं। केंद्र सरकार ऐसे घर बनाने के लिए प्रति घर 1.5 लाख तक की केंद्रीय सहायता प्रदान करती है, बशर्ते परियोजना में कम से कम 35 प्रतिशत घर ईडब्ल्यूएस श्रेणी के हों।

- **केंद्र सरकार ऐसे घर बनाने के लिए प्रति घर 1.5 लाख तक की केंद्रीय सहायता प्रदान करेगी**

ज्ञात हो कि तालाब के पास ही प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 700 आवासों का निर्माण किया जाना है। इसके लिए 12.50 करोड़ का वर्क ऑर्डर बीएसबी, भिलाई को 5 साल पहले दिया गया था। इस योजना के तहत झुग्गियों में रहने वालों को मात्र 5 हजार रुपए की पंजीयन राशि तथा शेष 70 हजार रुपए किस्त में लेकर 5 लाख की लागत के पक्के मकान दिए जाने थे। मामला 5 साल लेकिन अटका पड़ा रहा। ठेकेदार पुरानी कीमत पर काम करने को तैयार नहीं था और 20 प्रतिशत से अधिक का दर मांग रहा था। निगम इसे देने को तैयार नहीं था।। निगम ने लेटलतीफी के बाद ठेकेदार का टेंडर निरस्त करते हुए अमानत राशि जब्त कर ली है।


तालापारा में अधूरा पड़ा निर्माण कार्य।

### फैक्ट फाइल

- 17 एकड़ तालाब की जमीन
- 1300 झोपड़ी
- 35 करोड़ होगें खर्च
- 450 लोगों को मिलेगा आवास योजना का मिलेगा लाभ
- 891 लोग आईएचएसडीपी योजना के तहत शिफ्ट हुए

### राशि जब्त की गई है

पुराने ठेकेदार का टेंडर निरस्त करते हुए अमानत राशि जब्त कर ली गई है। अब तालापारा में मकान एएचपी योजना के तहत बनाए जाएंगे। निगम ने इस का प्रस्ताव बनाते हुए शासन के पास भेजा है। यह योजना केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाय) के तहत एक घटक है। इस योजना के तहत, सार्वजनिक और निजी एजेंसियां मिलकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए किफायती घर बनाती हैं।

- **अमित कुमार,** निगम आयुक्त

### घरों का क्षेत्रफल कुल 30-45 वर्ग मीटर का रहेगा

निगम के मुताबिक एएचपी योजना के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और निजी क्षेत्र की निर्माण कंपनियां मिलकर ईडब्ल्यूएस घर बनाएंगी। केन्द्र सरकार द्वाराप्रत्येक ईडब्ल्यूएस घर के लिए 1.5 लाख की वित्तीय सहायता दी जाएगी जिससे निर्माण लागत कम हो जाएगी। बनने वाले घरों का क्षेत्रफल कुल 30-45 वर्ग मीटर का रहेगा। निगम के मुताबिक ईडब्ल्यूएस श्रेणी के पात्र लाभार्थी इन घरों को खरीद सकते हैं। निगम ने शासन के पास प्रस्ताव भेज दिया है। फिलहाल जिन 450 लोगो को प्रधानमंत्री योजना के तहत तालापारा में ही मकान बनाकर दिया जाना था वे आज भी बेघर हैं और अपने आवास के लिए भटक रहे हैं।

### पूरे तालाब का पानी गंदा हो चुका

तालाब की हालत की बात करें तो नवंबर 2021 में दूषित पानी पीने से 2 लोगों की मौत के बाद किनारे के तीन बोर बंद कर दिए गए थे क्योंकि तालाब का गंदा पानी बोर में आने लगा था। अब यहां से लोगों को शिफ्ट कर दिया गया है। तालाब में लगातार गंदगी फेके जाने और सफाई के अभाव के कारण पूरे तालाब का पानी गंदा हो चुका है। हाल तो यह हैं कि तालाब बड़ी-बड़ी घास और जनलकुंभी से पटा चुका है। रखरखाव और ध्यान नहीं देने के कारण तालाब का पानी भी दूषित हो गया है। गौरतलब है कि तालाब का क्षेत्र 17 एकड़ का है। इसके चारों ओर विकास कार्य किया जाएगा। तालाब और आसपास लगभग 1300 झोपडियां हैं।

# दो मकानों व गणेश पण्डाल में चोरी, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चोर गिरोह ने धावा बोलकर रेलवेकर्मी के मकान सहित दो सूने मकानों से सोने चांदी डायमंड के जेवर व नकद रकम की चोरी कर ली। वहीं गणेश पण्डाल से पीतल के बर्तन व दानपेटी से नकद रकम चोरी कर ली गई।

तारबाहर पुलिस के अनुसार, रेलवे कालोनी बंगला यार्ड निवासी कुलदीप कुमार शुक्ला प्राइवेट काम करते हैं और उनकी पत्नी शिखा पाण्डेय रेलवे में टेक्नीशियन हैं। 1 सितंबर उनकी पत्नी शाम 6 बजे घर आईं और घर के दरवाजे में ताला लगाकर सब्जी खरीदने बाजार चली गईं। शाम 8 बजे वापस घर आईं तो दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखी तो सामान अस्त व्यस्त पड़े थे और आलमारी खुली हुई थी। लाकर में रखा सोने का मंगलसूत्र, बाली, पायल एवं डायमंड गोल्ड पेण्डेन्ट व 3 हजार रुपए नकद रकम की चोरी हो गई थी। श्रीमती शुक्ला ने चोरी की जानकारी अपने पति को दी। उसने बाद श्री शुक्ला ने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस उनके घर का मुआयना कर उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है।


रेलवे का वह मकान जहां चोरी हुई।

### नगर निगम ड्राइवर के घर चोरी

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मंगला राजाबाड़ा निवासी तिलकेश पटेल पिता रामस्वरूप पटेल नगर निगम उद्यान विभाग में ड्राइवर हैं।1 सितंबर को वे खेती के काम से गांव चले गए थे। 2 सितंबर को पड़ोसी संगीता केंवट ने फोन कर बताई उनके घर में चोरी हो गई है। वे गांव से लौटकर देखे तो उनके घर से 25 हजार रुपए नकद, सोने का माला, 3 जोड़ी पायल, चांदी का ताबीज की चोरी हो गई थी।

### गणेश पंडाल में चोरी

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, ओमनगर जरहाभाठा निवासी जलेश्वर सूर्यवंशी ने घर के मंदिर में गणेश भगवान की प्रतिमा स्थापित की है। गणेश पण्डाल से चोरों ने पीतल का कलश लोटा, तीन पीतल लोटा, दो घण्टी, दान पेटी से 2 हजार रुपए नकद चोरी कर लिया है। सीसीटीवी कैमरे में एक व्यक्ति चोरी करते नजर आ रहा है।

### रेल सफर का डिजिटल साथी रेलवन एप शुरु

**बिलासपुर।** यात्रियों की सुविधा और डिजिटिल सेवाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रेलवन मोबाइल एप्लीकेशन शुरु किया गया है। यह अत्याधुनिक ऐप उपयोगकर्ताओं को सरल और पारदर्शी सेवा उपलब्ध कराता है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह के मार्गदर्शन में यात्रियों को ऐप की उपयोगिता से जोड़ने के लिए कामर्शियल विभाग प्रचार प्रसार कर रही है। इसके तहत बुधवार को एसईसीएल बिलासपुर कार्यालय एवं साइंस कालेज में ऐप का व्यापक प्रचार किया गया। इसमें जनरल, रिजर्वेशन एवं प्लेटफार्म टिकिट की बुकिंग, यात्रियों को ट्रेन की वर्तमान स्थिति, सफर के दौरान मनपसंद भोजन आनलाइन आर्डर कर बर्थ पर प्राप्त हो सकते हैं। इसके अलावा अन्य सुविधा भी रेलवन एप में दी गई है।

# पूजा स्पेशल में दी जाएगी कन्फर्म बर्थ

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे पूजा पर्व पर 6 विशेष ट्रेनों का संचालन करने जा रही है, जिसमें यात्रियों को 90 हजार कंफर्म अतिरिक्त बर्थ की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इन विशेष ट्रेनों में वातानुकूलित कोच, स्लीपर कोच, सामान्य श्रेणी के कोच लगाए गए हैं, ताकि यात्रियों को उनकी आवश्यकता एवं सुविधा अनुसार सफर करने का अवसर प्राप्त हो सके। रेलवे की ओर से चलाई जाने वाली विशेष ट्रेनों में 08865/08866 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी से शालीमार 27 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक, 08760/08761 दुर्ग-निजामुद्दीन साप्ताहिक पूजा स्पेशल 5 अक्टूबर से 24 नवंबर तक, 08261/08262 बिलासपुर-यलहंका साप्ताहिक उत्सव स्पेशल एक्सप्रेस 9 सितम्बर से 19 नपवंबर तक, 08763/08764 दुर्ग-सुल्तानपुर पूजा स्पेशल एक्सप्रेस 13 सितम्बर से 30 नवंबर तक, 08897/08898 गोंदिया-पटना छठ पूजा स्पेशल एक्सप्रेस 23 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक, 08795/08796 दुर्ग-पटना दीपावली पूजा स्पेशल एक्सप्रेस 19 से 20 अक्टूबर तक शामिल है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# स्पा सेंटर में देह व्यापार, मैनेजर सहित 6 युवतियां 2 युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** आईपीएस कोतवाली सीएसपी ने तोरवा क्षेत्र के स्पा सेंटर में छापा मारकर मसाज की आड़ में चल रहे देह व्यापार के गोरखधंधे का भंड़ाफोड़ कर दिया है। स्पा सेंटर से 6 युवतियां, दो ग्राहक युवक व मैनेजर को पकड़ा गया है। पुलिस युवतियों से पूछताछ कर रही है।

आईपीएस कोतवाली सीएसपी गगन कुमार को शिकायत मिली जगमल चौक स्थित खुशी स्पा सेंटर में मसाज की आड़ में देह व्यापार का गोरखधंधा चल रहा है। उन्होंने महिला पुलिसकर्मियों के साथ स्पा सेंटर में दबिश दी। यहां दो युवकों व युवतियों को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। मौके पर आपत्तिजनक सामान भी मिला। उन्होंने स्पा सेंटर से 6 युवतियों, दो ग्राहक युवक व मैनेजर गोल्डी नामक युवक को पकड़कर तोरवा पुलिस को सूचना दी। उसके बाद तोरवा थाने की पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर पहुंच गई। पुलिस की छापामार कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। उसके बाद पुलिस गाड़ी से युवतियां, दोनों युवक व मैनेजर को तोरवा थाने ले जाया गया। बताया जाता है पकड़ी गई युवतियों में कुछ लोकल और कुछ पश्चिम बंगाल की रहने वाली हैं। पुलिस युवतियों से पूछताछ करने में लगी हुई है। देर रात तक पुलिस कार्रवाई करने में लगी हुई थी।


आईपीएस कोतवाली ने मारा छापा

### पूछताछ की जा रही

शिकायत पर स्पा सेंटर में छापामार कार्रवाई की गई है। 6 युवतियों, 2 ग्राहक युवक व मैनेजर को पकड़ा गया है। वहां युवतियों से अनैतिक काम कराया जा रहा था। युवतियों से पूछताछ करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-**गगन कुमार,** आईपीएस कोतवाली सीएससपी

online Booking:-www.tripuryatra.com


रामेश्वरम् धाम यात्रा
09 सितंबर, 07 अक्टूबर, 11 नवम्बर, 23 दिसंबर 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di — Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411